आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 344- ● जबलपुर ● गुरुवार, 20 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## नया प्रयोग अब एक्स-रे से पता चलेगा कोरोना है या नहीं



**स्कॉटलैंड ।** स्कॉटलैंड में वैज्ञानिकों के एक समूह ने कोरोना महामारी को लेकर नया प्रयोग किया है। इसके तहत अब एक्स-रे(ङ्क- ह्रड्ढ4ह्य) का उपयोग करके पता लगाया जा सकेगा की मरीज को कोरोना है या नहीं। यहां तक कि वैज्ञानिकों ने इसे 98 फीसदी तक सटीक माना है। परीक्षण किसी व्यक्ति के अंदर वायरस की उपस्थिति का पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करता है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि यह आरटी-पीसीआर परीक्षण से तेज होगा और इसका परिणाम 5 से 10 मिनट के अंदर आ जाएगा। बता दें कि आरटी-पीसीआर की रिपोर्ट आने में एक घंटा से भी अधिक लग जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से एक त्वरित और विश्वसनीय उपकरण की आवश्यकता थी जो कि कोविड-19 का पता लगा सके। इतना ही नहीं एक्स-रे के माध्यम से ओमिक्रॉन वैरिएंट का भी जल्द से जल्द पता लग जाएगा।

## पशुओं के लिए भारत की पहली कोविड-19 वैक्सीन तैयार




**हिसार ( हरियाणा ) ।** हरियाणा के हिसार में स्थित केंद्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने पशुओं के लिए देश की पहली कोरोना वैक्सीन तैयार करने में सफलता हासिल की है। सेना के 23 कुत्तों पर इसका ट्रायल सफल हो चुका है। वैक्सीन लगने के 21 दिन बाद कुत्तों में कोरोना वायरस (कोविड-19) के खिलाफ एंटीबॉडी देखी गईं।कुत्तों पर सफल ट्रायल के बाद अब गुजरात के जूनागढ़ स्थित सक्करबाग जूलॉजिकल पार्क के 15 शेरों पर ट्रायल की तैयारी है, जिसे गुजरात सरकार से अनुमति मिलने के बाद शुरू किया जाएगा। इसके बाद वैक्सीन को बाजार में उतारकर पशुओं का भी टीकाकरण किया जा सकेगा। वैक्सीन को विकसित करने वाले संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि सॉर्स कोरोना वायरस (कोविड-19) जानवरों में कुत्ता, बिल्ली, शेर, चीता, तेंदुआ, हिरण में प्रमुखता से देखने को मिला है। कुछ माह पहले चेन्नई स्थित चिड़ियाघर में मृत शेर में कोविड-19 वायरस की पहचान की गई थी। जांच में पता लगा कि उसकी मौत कोविड के डेल्टा वैरिएंट से हुई थी।

## कोरोना के चलते ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट रद्द

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार ने फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को रद्द कर दिया है। इस संबंध में बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि के बाद समिट को रद्द करने का फैसला लिया गया है।औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रोहन सक्सेना ने कहा, च्कोविड 19 की तीसरी लहर के कारण समिट को रद्द कर दिया गया है। अब यह इस साल के अंत में आयोजित किया जाएगा। नई तारीखें कोविड-19 की स्थिति का आकलन करने के बाद तय की जाएंगी। सभी निवेशकों को इसकी जानकारी दी जा रही है।

## मप्रमें 24 घंटे में फिर ओला-बारिश का अलर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 24 घंटों के दौरान दो बार मौसम बदलेगा। अगले 24 घंटे में दिन और रात के तापमान 2 से 3 डिग्री ब?गा। पाकिस्तान से आने वाली ठंडी हवा 21 जनवरी से सक्रिय हो जाएगी। इससे शुक्रवार से प्रदेश के कई इलाकों में बारिश और ओले गिर सकते हैं। 24 जनवरी से फिर कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। 5 दिन तक शीतलहर चलेगी। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि 21 और 22 जनवरी को भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा और शहडोल संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश और ओले गिर सकते हैं। 23 जनवरी को भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। यह बारिश का अंतिम दौर हो सकता है।वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि जनवरी के आखिरी सप्ताह में कड़ाके की ठंड रहेगी। करीब पांच दिन तक प्रदेश के कई इलाकों में शीतलहर चल सकती है। इससे दिन में भी ठिठुरन ब? जाएगी।उत्तरी बांग्लादेश के ऊपर चक्रवातीय गतिविधियां सक्रिय हैं।

# कोरोना ने तोड़ा 8 महीने का रिकॉर्ड

## 24 घंटे में 3 लाख से अधिक नए मामले

## मौत का दैनिक आंकड़ा 350 के पार



**नई दिल्ली।** कोरोना के दैनिक मामलों में रिकॉर्ड इजाफा देखने को मिला। बुधवार को तीन लाख से अधिक नए मामले सामने आए। आपको बता दें कि रात ग्यारह बजे तक 3,04,416 केस सामने आ चुके थे। कुछ राज्यों के आंकड़े आने बाकी थे। इससे पहले भारत ने पिछली बार 15 मई को (3,11,077) को 3 लाख से अधिक मामले दर्ज किए थे। आपको बता दें कि तीसरी लहर में इस आंकड़े को छूने में सिर्फ 23 दिन ही लगे हैं। दूसरी लहर में करीब 60 दिन लग गए थे। विभिन्न राज्यों के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, रात 11 बजे तक 356 लोगों की मौत हुई थी। इसे देखते हुए मंगलवार को मरने वालों की संख्या 357 के आंकड़े को पार करने की संभावना है। आपको बता दें कि हम जो आंकड़े बता रहे हैं उनमें पंजाब, झारखंड और त्रिपुरा के आंकड़े शामिल नहीं हैं। देश में 27 दिसंबर से शुरू हुई कोरोना की तीसरी लहर में रोजाना के संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। तीसरी लहर में अब तक करीब 31 लाख नए मरीज मिल चुके हैं। इनमें से 6,912 लोगों की मौत हो चुकी है।

## भारत में 50 लाख से ज्यादा की जान गई

**नेचर में दावा**

नई दिल्ली । दुनिया भर में 2019 से फैली कोरोना महामारी से हुई मौतों का असल आंकड़ा सरकारों द्वारा जारी आंकड़ों से दो से चार गुना तक ज्यादा है। ब्रिटेन की प्रतिष्ठित पत्रिका नेचर ने एक शोध के आधार पर यह दावा किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से 55 लाख से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। नेचर में प्रकाशित एक नए शोध में दावा किया गया है कि मौतों की वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक हो सकती है।दुनियाभर में बहस जारी है कि क्या विभिन्न देश विश्व मंच पर अपनी बदनामी व छवि खराब होने के डर से कोविड-19 की मृत्यु दर को छिपाते हैं? नेचर में प्रकाशित रिपोर्ट में लंदन में इकोनॉमिस्ट द पत्रिका द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले तरीके व आंकड़ों के आधार पर यह दावा किया है।



## मध्य प्रदेश में कोरोना के रैपिड टेस्ट पर रोक

**भोपाल, ।** कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। संक्रमण नियंत्रित करने की खातिर स्वास्थ्य विभाग अब रैपिड एंटीजन टेस्ट के बजाय आरटी-पीसीआर जांच पर ही फोकस कर रहा है। इसकी वजह यह है कि रैपिड जांच की सटीकता कम है। लिहाजा सरकार ने रैपिड एंटीजन टेस्ट पर रोक लगा दी है। अब प्रदेश सरकार आरटी-पीसीआर टेस्ट पर फोकस कर रही है। फीवर क्लीनिक के अलावा मोबाइल टेस्टिंग वैन से आरटी-पीसीआर की जांच होगी। संभवत- हफ्ते भर के भीतर यह सुविधा शुरू हो जाएगी।स्वास्थ्य विभाग ने टेंडर के जरिए आउटसोर्स लैब का चयन किया है। इसमें 150 रुपये प्रति सैंपल के हिसाब से स्वास्थ्य विभाग की ओर से आउटसोर्स कंपनी को भुगतान किया जाएगा। ये मोबाइल आरटी-पीसीआर टेस्ट लैब जबलपुर, छतरपुर और शहडोल जैसे जिलों में तैनात की जाएंगी। स्वास्थ्य आयुक्त सुदाम खाडे ने सभी जिलों के कलेक्टर, सीएमएचओ और सिविल सर्जन को पत्र लिखकर आरटी-पीसीआर सैंपल का डेली टारगेट और मैप की गई लैब की सूची भेजी है।

## लोकायुक्त ने उतरवाई पटवारी की पैंट

### जप्त किए रिश्वत में लिए गए 35 हजार



**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के फतेहपुर रोड पर अपने घर में बने ऑफिस में पटवारी अभिनव चतुर्वेदी को नामांतरण के बदले 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त की टीम ने गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त की टीम ने जब वहां रेड मारी तो पटवारी और उसके परिजनों ने पुलिस टीम के साथ जोर-जबरदस्ती की। इसके बाद पटवारी ने रिश्वत में ली गई रकम के साथ वहां से भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद पटवारी ने रिश्वत लेने के आरोप से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस को रिश्वत की रकम जब्त करने के लिए पटवारी की पेंट तक उतरवानी पड़ी। जानकारी के मुताबिक, फतेहपुर रोड पर पटवारी अभिनव चतुर्वेदी का घर है और घर पर ही उसने अपना ऑफिस बनवा रखा है। पटवारी ने राजेन्द्र उर्फ रिंकू जैन से मकान के नामांतरण के बदले 35 हजार की रिश्वत की मांग की। रिश्वत की बातचीत के साथ राजेंद्र जैन ने इसकी शिकायत लोकायुक्त को की थी। पटवारी अभिनव चतुर्वेदी ने रिश्वत के पैसे लेने के लिए राजेंद्र जैन को घर पर बुलाया।

## महाराष्ट्र नगर पंचायत चुनावों में भाजपा को प्रचंड जीत

मुंबई। महाराष्ट्र नगर पंचायत चुनाव के परिणाम बुधवार को घोषित किए गए, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 1,649 सीटों में से 384 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है। वहीं बुधवार को महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने दावा किया था कि उनकी पार्टी राज्य में सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी है और 24 नगर पंचायतों का नेतृत्व कर सकती है। इन चुनाव परिणामों के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए नई चिंता खड़ी हो सकती है। राज्य चुनाव आयोग ने बुधवार शाम को नतीजों की घोषणा की, जिसके मुताबिक भाजपा को को 384 और एनसीपी को 344 सीटें मिली हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक कांग्रेस ने 316 सीटें जीती हैं, जबकि शिवसेना चौथे स्थान पर रहकर सिर्फ 284 सीटें जीती है। इन चुनाव परिणामों में 206 निर्दलीय प्रत्याशियों की भी जीत हुई है। चुनाव आयोग ने कहा है कि गढ़चिरौली जिले की 9 नगर पंचायतों में मतगणना गुरुवार को होगी। महाराष्ट्र में भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल का कहा है कि राज्य में 106 नगर पंचायतों के लिए चुनाव हुए, इन सभी नगर पंचायकों में भाजपा ने अब तक 400 से अधिक सीटें जीती हैं।

### भारतीय सेना की तत्काल कार्रवाई

## चीनी सेना ने सकुशल लौटाया अगवा भारतीय युवक को



**इटानगर ।** अरुणाचल प्रदेश से चीन की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी द्वारा अगवा किया गया 17 वर्षीय किशोर मिराम टैरोन सकुशल भारत लौट आया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक इस घटना की जानकारी होने के तुरंत बाद भारतीय सेना की तरफ से पीएलए से संपर्क किया गया था। भारतीय सेना ने चीनी सेना के इस कदम पर सख्त आपत्ति जताई थी। हालांकि पुष्टि होने के बाद युवक को सकुशल वापस भारतीय सीमा में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश के सांसद तापिर गाव ने दावा किया था कि अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग जिले के एक 17 वर्षीय किशोर का पीएलएल ने अपहरण कर लिया है। सांसद ने बुधवार कहा कि चीनी सेना पीएलए ने मंगलवार को सेउंगला इलाके के लुंगटा जोर इलाके से बच्चे का अपहरण किया था इस बच्चे की पहचानन मिराम टैरॉन के रूप में की थी। गाओ ने समाचार एजेंसी को बताया कि टैरॉन के दोस्त जॉनी येइंग ने PLA द्वारा अपहरण के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी अरुणाचल प्रदेश से लापता हुए युवक मिराम तरोन की घटना के संबंध में सूचना मिलने पर भारतीय सेना ने तुरंत PLA से संपर्क किया । इसके बाद युवक को लौटा दिया गया।

## मप्र के छोटे शहरों में भी शतक लगा रहा कोरोना

### 2 संक्रमितों की मौत, इंदौर सबसे बड़ा हॉटस्पॉट

भोपाल। मध्यप्रदेश में कोरोना की बढ़ती रफ्तार के बीच मौत का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। दो दिन के अंदर 7 संक्रमितों की मौत हुई है। 24 घंटे में 2 लोगों की मौत रिकॉर्ड की है। एक ग्वालियर तो दूसरी सागर में हुई। कोरोना का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट इंदौर बना हुआ है। यहां 3 हजार के पार संक्रमित मिले। भोपाल दूसरे नंबर पर है, यहां 1710 केस आए हैं। ग्वालियर में 640 नए मरीज मिले हैं। जबलपुर में भी 520 संक्रमित मिले हैं। हाल यह है कि अब छोटे शहरों में भी कोरोना शतक या शतक के पास पहुंच गया है। सिंगरौली में 107 केस मिले, जबकि मुरैना-भिंड, दतिया जैसे जिलों में सौ के करीब पहुंच गया। बुधवार को पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया का 12 दिनों बाद फिर से कोरोना टेस्ट किया गया है। आठ जनवरी को उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। उसके कुछ दिनों बाद वह ठीक हो गए और 15 जनवरी को सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल भी हुए थे। लेकिन, बुखार होने के बाद बुधवार को वो एक बार फिर से संक्रमित मिले हैं। उनकी पत्नी भी कोरोना की चपेट में आ गई हैं। खुद सिसोदिया ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है।24 घंटे में इंदौर में 3005 नए मरीज मिले हैं।




## एक कमरा, एक अंगीठी, 5 मौतें एक जिंदा...कौन हत्यारा ?

### दिल्ली का ओल्ड सीमापुरी इलाके की घटना, पति पर शक !



**नई दिल्ली।** एक छोटे से कमरे में पति-पत्नी और चार बच्चे रात को सोए थे। अगले दिन दोपहर के बाद पुलिस को मां और तीन बच्चों की बॉडी कमरे में पड़े होने की कॉल मिली। पुलिस पहुंची तो पता चला कि बच्चों का पिता छोटे बच्चे को अस्पताल ले गए हैं। जीटीबी अस्पताल में पता किया तो वहां नहीं मिले। तफ्तीश में पता चला कि वह हेडगेवार अस्पताल में हैं, जहां छोटे बच्चे को भी मृत करार दिया गया है। आला अफसरों ने मौके का मुआयना किया तो कमरे में अंगीठी होने से कार्बन मोनो-ऑक्साइड गैस से दम घुटने की आशंका लग रही थी। लेकिन बच्चों के पिता ने खुद के भी उसी कमरे में सोने का खुलासा किया तो जांच की दिशा बदल गई। पुलिस अफसरों के मुताबिक, परिवार के मुखिया मोहित उर्फ कालिया ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि रात को कमरे में अंगीठी जली थी। वह, पत्नी राधा, बेटी कोमल, रोशनी, बेटा नितिन और आरव भी सो गए थे।

## राष्ट्र की प्रगति में ही हमारी प्रगति : पीएम



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आज यानी गुरुवार को आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्था के द्वारा 'आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर', कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। इस कार्यक्रम में स्वर्णिम भारत के लिए भावना भी है, साधना भी है। इसमें देश के लिए प्रेरणा भी है, ब्रह्मकुमारियों के प्रयास भी हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा कि राष्ट्र की प्रगति में ही हमारी प्रगति है। हमसे ही राष्ट्र का अस्तित्व है और राष्ट्र से ही हमारा अस्तित्व है। ये भाव, ये बोध नए भारत के निर्माण में हम भारतवासियों की सबसे बड़ी ताकत बन रहा है। आज देश जो कुछ कर रहा है उसमें सबका प्रयास शामिल है।हालांकि इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी एक बार असहज भी नजर आए जब राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनका नाम लेते हुए कहा कि देश में हिंसा और तनाव का माहौल व्याप्त है। सीएम गहलोत ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि देश में भाईचारा, शांति और सद्भाव मजबूत हो और इसकी आवश्यकता भी है। उन्होंने कहा कि देश में तनाव और हिंसा से छुटकारा मिले ये आपकी, हम सबकी इच्छा है। गहलोत ने कहा कि मैं समझता हूं कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही समाज को और देश को आगे बढ़ा सकते हैं, जहां पर शांति और विकास होगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज हम एक ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं जिसमें भेदभाव की कोई जगह न हो। एक ऐसा समाज बना रहे हैं, जो समानता और सामाजिक न्याय की बुनियाद पर मजबूती से खड़ा हो। हम एक ऐसे भारत को उभरते देख रहे हैं, जिसकी सोच और अप्रोच नई है, और जिसके निर्णय प्रगतिशील हैं। दुनिया जब अंधकार के गहरे दौर में थी, महिलाओं को लेकर पुरानी सोच में जकड़ी थी, तब भारत मातृशक्ति की पूजा, देवी के रूप में करता था। हमारे यहां गार्गी, मैत्रेयी, अनुसूया, अरुंधति और मदालसा जैसी विदुषियां समाज को ज्ञान देती थीं। पीएम मोदी ने कहा कि कठिनाइयों से भरे मध्यकाल में भी इस देश में पन्नाधाय और मीराबाई जैसी महान नारियां हुईं। अमृत महोत्सव में देश जिस स्वाधीनता संग्राम के इतिहास को याद कर रहा है, उसमें भी कितनी ही महिलाओं ने अपने बलिदान दिये हैं।

# टेक होम पद्धति से कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू



**जबलपुर।** कक्षा 10वी एवं 12 वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं टेक होम के रूप में संचालित की जा रही हैं। परीक्षा का दोपहर12 बजे से शुरू हुई ।प्री-बोर्ड परीक्षा के संचालन के लिए जारी निर्देशानुसार विद्यार्थियों को कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिका प्रश्न-पत्र से कम से कम एक दिवस पूर्व उपलब्ध कराए। विद्यार्थियों को बार-बार विद्यालय में न बुलाना पड़े इसके लिए एक साथ दो से तीन प्रश्न-पत्र एक साथ उपलब्ध कराए जा सकते हैं तथा आगामी प्रश्न-पत्र प्राप्ति की दिनांक को पूर्व में उपलब्ध कराए गए प्रश्न-पत्रों की उत्तर पुस्तिकाएं जमा की जाएगी। कक्षा 10वी के लिए शेष समस्त उत्तर पुस्तिकाएं विद्यार्थियों द्वारा 28 जनवरी को तथा कक्षा 12वीं के लिए शेष समस्त उत्तर पुस्तिकाएं अनिवार्यत: एक फरवरी तक शाला द्वारा निर्धारित तिथि तक शाला में जमा करनी होगी। सभी विषय शिक्षकों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर विद्यार्थियों द्वारा की गई गलतियों में सुधार के लिए पांच फरवरी 2022 तक सूचित करेंगे। कक्षावार संकायवार प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं प्रदान करने के लिए विद्यार्थियों को अलग-अलग समय पर विद्यालय में बुलाया जाए। किसी भी विपरीत परिस्थिति में विद्यार्थियों के अतिरिक्त उनके पालकों को भी प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं प्रदान की जा सकती है। छात्रावासी विद्यार्थियों को उनके निवास के निकट विद्यालय के संस्था प्राचार्य प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराएंगे तथा उनके मूल्यांकन उपरांत प्राप्तांक संबंधित संस्था प्राचार्य को प्रेषित करेंगे। छात्रावासी विद्यालयों के प्राचार्य वोकेशन ट्रेड के पेपर संस्था स्तर पर तैयार कर जिले के माध्यम से संबंधित संस्था प्राचार्य को प्रदान करेंगे।

प्रश्न-पत्र विमर्श पोर्टल पर प्राचार्य लॉगइन में 17 जनवरी 2022 को अपलोड कर दिए गए थे। 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थी शाला बंद रहने की अवधि में प्रश्न बैंक से प्रश्न अपनी गृहकार्य की कॉपी में हल करके विद्यालय आरंभ होने पर प्रस्तुत करेंगे। यही उनका प्री-एग्जाम माना जाएगा। राज्य स्तर से उपलब्ध कराए जाने वाले प्रश्न -पत्रों में कक्षा 10वीं के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सा.विज्ञान और उर्दू एवं कक्षा 12वीं के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, गणित, अर्थ शास्त्र (कला एवं वाणिज्य समूह), व्यावसायिक अध्ययन, लेखा शास्त्र, आई.पी., इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान (एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एवं हाईजीन) (कला संकाय), कृषि (कला संकाय), शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान,गृह प्रबंध पोषण, विज्ञान के तत्व, कृषि विज्ञान एवं गणित के मुल तत्व, फसल उत्पादन एवं उद्यानिकी, पशुपालन एवं मुर्गी पालन, मनोविज्ञान, उर्दू, शेष विषय के प्रयन पत्र संस्था स्तर पर तैयार कर प्री-बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराएं। लोक शिक्षण द्वारा जारी प्री-बोर्ड परीक्षा समय दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक संपन्न होगी।

## 9वीं व 12वीं के छात्रों को राहत

### बिना किसी अतिरिक्त शुल्क आज भर सकते हैं फीस

जबलपुर। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 9वीं व 12वीं के छात्रों को राहत दी है, जो स्टूडेंट्स तकनीकी कारणों से फीस नहीं भर पाए है, वे अब बिना किसी अतिरिक्त शुल्क दिए 20 जनवरी तक फीस भर सकते है, बताया जाता है कि एमपी बोर्ड के कक्षा 9वीं से 12वीं तक की क्लास, व्यावसायिक, शारीरिक शिक्षा, प्रशिक्षण, पत्रोपाधि व प्री प्रायमरी परीक्षाओं में शिक्षण सत्र 2021-22 के जिन छात्रों का प्रवेश तय समय में किया गया है, वे अब 20 जनवरी तक फीस भरकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं. इसके बाद भी फीस नहीं भरने वालों को परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा. ऑफलाइन फीस मान्य नहीं होगी. एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं फरवरी में प्रारंभ होना संभावित है. इसके लिए कई स्कूलों ने बच्चों के मार्क्स ऑनलाइन किए हैं. अब स्कूलों को मार्क्स ऑनलाइन करने का एक और मौका दिया गया है. अधिकारियों के अनुसार लगभग 6500 छात्र-छात्राओं का 11वीं में नाम नहीं जुड़ पाया है, वहीं कई प्री-बोर्ड की परीक्षा के पहले अन्य कारणों से छात्रों के नाम नहीं जुड़ सके हैं, वे 31 जनवरी तक मार्क्स ऑनलाइन कर सकते हैं।

# नई शराब नीति के विरोध में कांग्रेस द्वारा राज्य सरकार का पुतला दहन

## पेट्रोल,डीजल के दाम महँगे और शराब के दाम सस्ते



जबलपुर। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शराब के लिए नई नीति लाई गई है, जिससे गली - गली चौराहे - चौराहे शराब के विक्रय केंद्र और बार खुल सकेंगे जिससे युवाओं को नशे की दुनिया में जाने का सुगम रास्ता सरकार द्वारा बनाया जा रहा है।यह वही लोग हैं जो चुनाव के समय शराबबंदी की बात करते हैं और अब शराब बिक्री के बड़े पक्षधर हैं। मातृशक्ति एवं बेटियों की मुश्किलें बढ़ाने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है ।उक्त आशय के विचार व्यक्त करते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि मध्यप्रदेश में शराब पर ड्यूटी कम की गई है, लेकिन आम जनता को करों से कोई राहत नहीं दी गई है। मध्यप्रदेश में पेट्रोल डीजल, गैस सिलेंडरों, खाद्य पदार्थों पर पर सर्वाधिक टैक्स लिया जाता है, उसमें कमी करके आम जनता को राहत देने के बजाए मध्य प्रदेश भाजपा सरकार घर-घर शराब पहुंचाने के अभियान में लगी है। नकली शराब पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे साल भर में कई मौतें हो जाती हैं। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में सैकड़ों कांग्रेसजनों ने सरकार की नीति के विरोध में सिविक सेंटर में मध्य प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया ।आने वाले समय में कांग्रेस इस संदर्भ में जन जागरण अभियान चलाएगी। राज्य सरकार के इस पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस के नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू , पूर्व अध्यक्ष दिनेश यादव, सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी, एड. अशोक गुप्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा जैन , युवक कांग्रेस अध्यक्ष जितिन राज, छात्र कांग्रेस अध्यक्ष विजय रजक, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ राजेंद्र पिल्ले, शिव कुमार चौबे, शेखर सोनी, पंकज पटेल, अमीन कुरैशी, झल्लेलाल जैन, शोभा उपाध्याय, राजेन्द्र रजक(कल्लू), गुड्डू नबी, रिजवान अली कोटि , मनोज नामदेव, मुन्ना सेन, मनोज सेठ, जितेंद्र यादव, मंजू शुक्ला, बीना सिंह, सुमित्रा गोठिया, मीना रजक, अचलनाथ चौधरी, प्रिंस सलूजा, अंकित रैकवार,आलोक खरे, पुरषोत्तम नामदेव, धर्मेंद्र कुशवाहा, जितेंद्र शर्मा, शक्ति चौकसे, करण सिंह मारवाह, कविता पाठक, दुर्गा सैनी, अंजुम आरा, रोशनी, रेखा रैकवार, सबीना वगगन, ज्योति मोहते, रामनिका अवस्थी, रुबीना पाठक, श्वेता दुबे , ममता तिवारी,कृष्णा ठाकुर, सरफराज खान, महफूज, उमेश पाठक, जितेंद्र यादव, जयराम धधक, नरेश सोनकर, अंश गुजराल, श्याम सोलंकी, साहिल अंसारी , शनि पहारिया, आदित्य खुराशिया, महेश मिश्रा, रमेश बेन, यशोदा गोठिया, वैष्णवी ठाकुर, पूजा गोठिया , शालिनी गोठिया, वंदना, दीपक बैन, संजू अन्ना, संतोष सिंह, शोफी, शंकर, आदि उपस्थित रहे।

# सी.जी.एच. एस लाभार्थी को देश में कहीं भी इलाज की सुविधा

**सिर्फ मेडिकल आफीसर की अभिमत से मान्यता प्राप्त अस्पताल जा सकता है**

जबलपुर यशभारत ।सीजीएचएस के लाभार्थीअपना इलाज कराने के लिए मुंबई को छोड़कर देश के किसी भी शहर के हायर सेंटर मे मान्यता प्राप्त अस्पताल में इलाज के लिए जा सकता है ।सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सारी प्रक्रिया को सरल और शिथिल करते हुए सीजीएचएस डिस्पेंसरी के मेडिकल आफीसर का अभिमत पर्याप्त जताया है ।लाभार्थियों को अब संयुक्त या अपर निदेशक के कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे ।उक्त जानकारी सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और सी ई डब्ल्यू ए आई के उपाध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने दी है ।उन्होंने बताया कि 18 जनवरी 2022 को सी. जी. एच एस के डायरेक्टर डा. निखिल चंद्रा ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि डिस्पेंसरी के मेडिकल आफीसर द्वारा जारी रिफर लैटर अब देश के सभी मान्यता प्राप्त अस्पताल में मान्य होगे और कोई भी अस्पताल इलाज देने से मना नहीं करेगा ।

बता दें कि इसके पहले शहर के बाहर हायर सेंटर में इलाज करने के लिए अपर निर्देशक द्वारा रिफर किया जाता था। परन्तु भारत सरकार के स्वास्थ मंत्रालय ने एक नया आईटी प्लेटफार्म जिसे नेशनल हेल्थ अथारिटी के नाम से जाना जाता है बनाया है ।पहले अपर निदेशक द्वारा जारी रिफर लेटर पोर्टल में नहीं आने से लाभार्थियों को बाहर के शहर के अस्पताल में इलाज लेने में परेशानी आ रही थी। सिटिजन वेलफेयर एसोसिएशन जबलपुर के सुभाष चंद्रा ने मामले को दिल्ली स्थित सी.जी.एच.एस के पूर्व एडिशनल डिप्टी डायरेक्टर जनरल डॉ जी डी पालिया को इस परेशानी से अवगत कराया था ।साथ ही सी ई डब्ल्यू ए आई की मासिक वर्चुअल मीटिंग में अगस्त 2021 को अपने एजेंडा में शामिल किया था. इसके बाद राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी टी दामोदरन ने स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रमुख सचिव को पत्र भी लिखा था ।तब मंत्रालय ने लाभार्थीयों की परेशानी को दूर करते हुए यह आदेश जारी किया है ।

# ट्रेन में भी पहनना होगा मास्क नहीं तो कटेगा चालान

**जबलपुर, ।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बाद रेलवे ने भी कोरोना गाइडलाइन का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है ।जबलपुर रेल मंडल की ट्रेनों में मास्क न पहनने वाले यात्रियों के खिलाफ जांच अभियान तेज कर दिया है। अब टीटीई, यात्री की टिकट के साथ यात्री मास्क पहनने हैं या नहीं, इसकी भी जांच करेंगे। इधर विभाग ने स्पेशल टिकट बनाकर सभी ट्रेनों में जांच शुरू कर दी है। रेलवे के मुताबिक मास्क न पहनने वालों पर अभी जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके बाद चालान की शुल्क भी बढ़ाई जाएगी। रेलवे, अभी तक स्टेशन पर मास्क न पहनने वालों पर ही जुर्माना लगाने की कार्रवाई कर रहा था। अब ट्रेन में सफर के दौरान मास्क न पहनने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जबलपुर रेल मंडल ने ऐसे यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने बुधवार से ट्रेनों में जांच अभियान शुरू कर दिया है। पहले दिन जबलपुर से कटनी के बीच चलने वाली ट्रेनों की जांच की गई। इस दौरान मास्क न पहनने वाले 30 यात्रियों पर चालान की कार्रवाई की। इनमें 30 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया ।कमर्शियल विभाग के डीसीएम सुनील श्रीवास्तव ने जांच टीम के साथ जबलपुर से कटनी जा रही मेमो ट्रेन की जांच की। इस दौरान बिना टिकट से ज्यादा मास्क न पहनने वाले यात्री मिले। डीसीएम ने पहले तो सभी को मास्क पहनने की जरूरत को बताया। इसके बाद भी कई यात्रियों ने उनकी बात को नजरअंदाज कर दिया, जिसके बाद उनका चालान काटा गया। इस दौरान कई ऐसे यात्री थे, जिसके पास मास्क ही नहीं था। उन पर जब जांच अधिकारी ने चालान की कार्रवाई की तो उन्होंने आनन-फानन में रूमाल बांध लिया। इस दौरान बिना मास्क के सफर कर रहीं महिलाओं ने अपनी साड़ी के पल्लू को ही मास्क बना लिया।



# सुदेशना के नाम चलेगी एंबुलेंस मोक्ष सेवा



**जबलपुर।** कोविड मरीजों एवं कमज़ोर निर्धनों की सेवा के लिए मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति के प्रमुख आशीष ठाकुर को एक महिला नेएंबुलेंस भेंट की। बेटी सुदेशना दास को समर्पित सेवा सुदेशना के नाम यह एंबुलेंस मोक्ष सेवा चलेगी ।अपने पति साधन कुमार दास (73 वर्ष )एवं अपनी बेटी सुदेशना (36 वर्ष )दास तो कोरोना से खो चुकी श्रीमती कृष्णा दास ने आशीष ठाकुर के सदकार्यों से प्रभावित होकर यह भेंट दी। 2021 में 12से15 अप्रैल के बीच उनके पति और फिर पुत्री की कोरोनो से मृत्य हो गई थ। सुदेशना नई मुंबई में हेक्सा बेयर कंपनी में बिजनेस एनालिस्ट टेक्निकल आर्किटेक्ट के पद पर थी ,वहीं पर श्रीमती कृष्णा दास के पति जीसीएफ फैक्ट्री में मैनेजर के पद पर रिटायर हुए थे। कृष्णा दास अपने परिवार के न होने पर आशीष को पुत्र मानती है ।आशीष ने मुखाग्नि देकर उनका अन्तिम संस्कार किया व अस्पताल में अस्थियां ससम्मान भेजीं ।कृष्णा बताती हैं कि वे कई साल आशीष से मिलना चाहती थी। वे आशीष के मोक्ष आश्रय में लावारिसों, असहायों की सेवा भाव से प्रभावित थीं। कृष्णा चाहती हैं कि सब मिलकर एक ऐसे मोक्ष आश्रय का निर्माण करें कि जहां बेबस ,लावारिस लोगों को आश्रय मिले ।कृष्णा दास वर्तमान में तिलहरी में रहती हैं।

# पमरे ने फ्रेट लोडिंग से दिसंबर माह में 4 करोड़ से अधिक कमाए



***जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल ने 2021 के दिसंबर माह में भी लादान और राजस्व में माल ढुलाई के आंकड़ों में उतरोत्तर वृद्धि प्राप्त की है। मिशन मो ? के तहत पमरे ने तीनों मंडलों में माह दिसंबर 2021 में लोडिंग के क्षेत्र में नयी-नयी दशाओं और दिशाओं को खोज कर नये आयाम स्थापित किये है। तीनों मण्डलों में व्यापार विकास इकाइयां (बिजनेस डेवलपमेन्ट यूनिट) स्थापित किया गया है। जिसमें रेल अधिकारियों एवं लोडिंग करने वाले व्यापारियों का समूह नामित होता है। गौरतलब है कि माल ढुलाई को बेहद आकर्षक बनाने के लिए रेलवे द्वारा कई तरह की रियायतें/ छूट एवं सुविधाएं भी दी जा रही हैं। जिससे व्यापारी अधिक से अधिक रेलवे की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। इसके अंतर्गत पमरे ने अपने परंपरागत माल ढुलाई के अलावा अन्य नए माल उत्पादको को ढूंढ निकाला है और उनकी सुविधानुसार साइडिंगो को खोलने का उपक्रम भी किया। इसके साथ ही व्यापारियों को सूचना के वास्तविक समय के आदान-प्रदान के लिए माल ढुलाई का एक रेलवे व्हाट्सएप समूह ग्रुप बनाए गए हैं। जिसके सुखद और लाभदायक परिणाम स्वरूप पमरे ने दिसंबर 2021 माह में रुपये 4.31 करोड़ों की रेलवे राजस्व प्राप्त किया। जबलपुर मण्डल के बागरातवा स्टेशन से अहमदाबाद मण्डल के लिए 2 रेक खाद्यान्न की लोडिंग की गई। इससे रेलवे को रुपये 65 लाख की आय प्राप्त हुई। पश्चिम मध्य रेल में माल ढुलाई को बहुत आकर्षक एवं व्यापारियों को सुलभ और सुविधाजनक बनाने के लिए कई तरह के रियायतें/छूट भी दी जा रही है। छोट व्यापारियों के माल को ध्यान में रखकर नियमों में शिथिलता प्रदान की गई है। रेकों की ट्रेकिंग कर व्यापारियों को उनके कंसाइनमेंट की समय पर सटीक जानकारी दी जा रही है। मौजूदा नेटवर्क में मालगाडय़िों की गति में वृद्धि की गई है ।मालगाड़ियों में गति में वृद्धि होने से हितधारकों की लागत में आश्चर्यजनक बचत हो रही है।

# जबलपुर में सैनिक स्कूल खोले जाने की मांग

### भा व ना एसोसिएशन ने लिखा रक्षा मंत्री को पत्र

जबलपुर यशभारत। विगत दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घोषणा की थी कि वर्तमान समय में 100 नये सैन्य स्कूल खोले जायेंगे। सैनिक स्कूल खुलने से छात्र छात्राओं को प्रवेश लेने में कठिनाई कम होने के साथ सैनिक स्कूल से प ?कर निकलने वाले छात्र-छात्राएं सेना में भर्ती होकर देश में अपनी सेवायें दे सकेगें ।ऐसी मंशा रक्षामंत्री ने जाहिर की थी। भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के आरएस तिवारी ने इस संबंध में रक्षा मंत्री को पत्र प्रेषित करते हुये अनुरोध किया है कि एक सैनिक स्कूल जबलपुर में भी खोला जाये ।उल्लेखनीय है कि जबलपुर में सेना के तीन राज्यों के मुख्यालय आसपास फैक्ट्रियां ओ.एफ. के. जी. सी. एफ. व्हीकल, जी.आई.एफ. के सीओडी 506 आर्मी वर्कशाप रेलवे जोन मुख्यालय के अलावा कई अन्य विभागों के कार्यालय है। साथ ही जबलपुर की जन संख्या लगभग 20-22 लाख है ।इन विभागों और जबलपुर के नागरिक अपने बच्चों को सैनिक स्कूल में पढ़ाना चाहते हैं ।लेकिन मध्यप्रदेश के रीवा मे एकमात्र सैनिक स्कूल है। इस सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिये राज्य के साथ बाहर से छात्र-छात्रायें प्रवेश हेतु आवेदन करते हैं।

# जबलपुर संभाग छात्रों के टीकाकरण के मामले में प्रदेश में अग्रणी

## 15 से 18 वर्ष आयु के जबलपुर संभाग के 95 फीसदी छात्र वैक्सीनेटेड

**जबलपुर।** जबलपुर संभाग 15 से 18 वर्ष आयु के छात्रों को कोरोना का टीकाकरण कराने के मामले में प्रदेश में अग्रणी है। संभाग के सभी आठ जिलों के 15 से 18 वर्ष आयु समूह के 6 लाख एक हजार 804 विद्यार्थियों को कोरोना के टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। इस प्रकार अब तक जबलपुर संभाग के 94.88 फीसदी विद्यार्थियों को कोरोना रोधी टीके की पहली डोज लग चुकी है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक संभाग के सभी आठ जिलों को मिलाकर 15 से 18 वर्ष आयु समूह के 6 लाख 34 हजार 255 छात्रों में से अब तक 6 लाख 1 हजार 804 छात्रों को टीका की पहली डोज लग चुकी है। संभाग के बालाघाट जिले में अब तक एक लाख 9 हजार 881 छात्रों का टीकाकरण हुआ है, जो लक्ष्य का 94 प्रतिशत है ।इसके अलावा छिंदवाड़ा जिले के 15 वर्ष से 18 वर्ष आयु समूह के एक लाख 205 विद्यार्थियों को कोरोना टीके की पहली डोज लग चुकी है जो लक्ष्य का 97 प्रतिशत है। डिंडौरी जिले के 31 हजार 213 छात्रों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। इसी प्रकार जबकि जबलपुर जिले के 15 से 18 वर्ष आयु समूह के एक लाख 13 हजार 494 छात्रों को टीके की पहली डोज लग चुकी है, जो लक्ष्य का 96 फीसदी है। कटनी जिले के 59 हजार 998 छात्रों को, मंडला जिले के 48 हजार 395 छात्रों को, नरसिंहपुर जिले के 50 हजार 48 छात्रों को तथा सिवनी जिले के 88 हजार 570 छात्रों को कोरोना टीके की पहली डोज लगाई जा चुकी है।

# सामुदायिक संगठक अजय यादव की संविदा होगी समाप्त

### ट्रेनिग प्रोग्रामर की भी अनुबंध समाप्त कर ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई

**जबलपुर।** निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने तीन विभागों के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने लोककर्म, जल एवं शासकीय योजना के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लोग अपने अपने विभाग से संबंधित कार्यो को समय पर पूरा कराएँ। निगमायुक्त ने शासकीय योजना विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की समस्त योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभांवित कराएँ इसके साथ साथ उन्होंने जल विभाग और लोककर्म विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कि कि जितने भी कार्य निर्माणाधीन है उन सभी कार्यो को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएँ ।बैठक में उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि 31 जनवरी तक 10 के लोन के 18 हजार केस लगाने एवं 10 हजार केस सेंक्शन कराने तथा 20 हजार के लोन के 4 हजार केस लगाने एवं 2 हजार केस सेंक्शन का लक्ष्य दिया गया। उन्होंने अजय यादव सामुदायिक संगठक को बार-बार समय प्रदान करने के उपरांत भी लक्ष्य पूर्ति न करने हेतु संविदा समाप्ति करने के निर्देश दिये।

## शादी के उपहारों पर नहीं है टैक्स

# शादी के आसपास की तारीख पर मिलना चाहिए उपहार।



**जबलपुर।** ।इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है और हर किसी को शादी में आकर्षक उपहार व नकदी राशि मिलती है। दूसरी ओर वित्तीय वर्ष 2021-22 समाप्त होने में भी केवल 70 दिनों का समय शेष है। ऐसे में लोगों को शादी की खुशियों के साथ ही टैक्स बचाने की चिंता भी सताने लगी है। हर किसी के मन में यह सवाल रहता है कि शादी में मिले उपहारों और नकदी पर किसी भी प्रकार से टैक्स तो नहीं देना होगा।

यह खबर आपके काम की खबर है और इसके जरिए आपके सारे सवालों के जवाब मिल जाएंगे। कर विशेषज्ञों का कहना है कि आपको शादी में मिले उपहार या नकदी का भी रिकार्ड रखना चाहिए। विशेषकर महंगे गिफ्ट व नगदी का रिकार्ड रखना जरूरी है। इसके साथ ही यह भी ध्यान देना जरूरी है कि उपहार शादी की तारीख या उसके आसपास ही मिलनी चाहिए। ऐसा नहीं कि शादी के छह माह या साल भर बाद उपहार दिए जा रहे है।

## इन नियमों को जानना जरूरी

### शादी के उपहारों पर कोई टैक्स नहीं

आयकर नियमों के अनुसार शादी के अवसर पर उपहार या नकदी में कोई टैक्स देय नहीं होगा। खास बात यह है कि इन उपहारों या नकदी की कोई सीमा नहीं है। लेकिन आपको इसका ध्यान रखना होगा। नियम के अनुसार पति या पत्नी से मिला उपहार, भाई या बहन से मिला उपहार, पति या पत्नी के भाई या बहन से मिला उपहार, माता-पिता के भाई या बहन से मिला उपहार, विरासत या वसीयत में मिली प्रापर्टी या उपहार, पति या पत्नी के किसी निकटतम पूर्वजया वंशज से मिला उपहार के साथ ही हिंदु अनडिवाइडेड परिवार के मामले में किसी भी सदस्य से मिला उपहार, स्थानीय अथारिटी जैसे पंचायत,म्यूनिसपल कमेटी और डिस्ट्रक्ट बोर्ड, किसी फंड-फाउंडेशन,यूनिवर्सिटी या दूसरे शैक्षणिक संस्थान, हास्पिटल या मेडिकल इंस्टीट्यूट, धार्मिक ट्रस्ट से मिले उपहार पूरी तरह टैक्स फ्री होते है।

### एक वित्तीय वर्ष में 50 हजार से अधिक के उपहार पर टैक्स

उपहारों पर लगने वाला टैक्स किसी एक उपहार पर नहीं लगता,बल्कि यह एक वित्त वर्ष में मिले कुल उपहारों पर लगता है। आयकर नियमों के अनुसार अगर करदाता को एक वित्तीय वर्ष में 50 हजार रुपये का उपहार मिला है,तो उप पर कोई टैक्स नहीं होगा। लेकिन 50 हजार से अधिक यानि 51 हजार का भी उपहार एक वित्तीय वर्ष के दौरान मिला है तो आपको टैक्स चुना होगा। नियम के अनुसार ऐसा है कि अगर सालभर में आपको एक उपहार 51 हजार का मिला है और दूसरा उपहार 40 हजार रुपये का मिला है तो कुल 91 हजार के उपहार पर टैक्स देना होगा।

### टैक्स के दायरे में आने वाले उपहारों में ये शामिल

चेक या नकदी मिली 50 हजार रुपये से ज्यादा की धनराशि, जमीन-बिल्डिंग आदि कोई भी अचल संपत्ति जिसकी स्टांप ड्यूटी 50 हजार से ज्यादा होगा, 50 हजार से ज्यादा की ज्वेलरी,शेयर या अन्य महंगी चीजें।

### नियोक्ता की ओर से मिले उपहार

नियोक्ता द्वारा भी एक वित्तीय वर्ष में पांच हजार रुपये के उपहार दे सकता है और इस पर कोई टैक्स नहीं है। इससे अधिक कीमत होती है तो टैक्सचुकाना होगा।

# नगरीय निकायों में मास्क ही है जिन्दगी अभियान आज से

**जबलपुर, ।** कोरोना से बचने के लिए नागरिकों को मास्क लगाने के प्रति जागरूक करने के लिए सभी नगरीय निकायों में आज से मास्क ही है जिन्दगी अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। यह अभियान 20 दिन चलेगा ।नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह न कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना से बचाव के लिए पूरे देश में निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध करवाई है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वैक्सीनेशन के साथ कोरोना से बचाव के लिए चाक-चौबंद व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की हैं।

### सांसद बीडी शर्मा द्वारा कटनी स्टेशन में एस्केलेटर का शुभारंभ

# एस्केलेटर के लगने से यात्रियों को प्लेटफार्म पर चढ़ने में मिलेगी सुविधा



**जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेलवे का कटनी स्टेशन अब रेल सुविधाओं के लिए पहचाना जाने लगा है इस स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर रेल मंडल द्वारा लगाए गए एस्केलेटर से अब बुजुर्ग, महिला एवं दिव्यांग यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने में सुविधा होगी. कटनी स्टे्शन से प्राप्त होने वाले रेल राजस्व को देखते हुए अभी कटनी में और कार्य किए जा सकते हैं।**

इस आशय की बात खजुराहो के सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कटनी स्टेशन पर नवनिर्मित एस्कलेटर के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। एस्के्लेटर लोकार्पण समारोह में सांसद श्री शर्मा का स्वागत अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने तथा कटनी मुड़वारा के विधायक संदीप जायसवाल, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव तथा समाज सेवी तथा भाजपा अध्यक्ष श्री राम रतन पायल का स्वागत वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने किया। इस अवसर पर अपने स्वाागत भाषण में एडीआरएम श्री गुप्ता ने जबलपुर मंडल द्वारा कटनी स्टेशन के विकास के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि यह एस्केलेटर लगातार 20 घंटे चलने की क्षमता रखता है। तथा प्रतिदिन लगभग 5 से 6 हजार यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक पहुंचाने का कार्य करेगा। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक संदीप जायसवाल ने जबलपुर-इंदौर ओवरनाईट एक्सप्रेस को कटनी से प्रारंभ करने के साथ ही कटनी मुड़वारा में सभी गाड़ियों के ठहराव की बात रखी। प्लौटफार्म क्र. 1 पर स्थापित किए गए इस एस्केलेटर का रिपिन काटकर शुभारंभ सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने जनप्रतिनिधियों तथा रेलवे अधिकारियों की उपस्थिति में किया।समारोह में कटनी के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिंस विक्रम, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता संजय मनोरिया, कलेक्टर कटनी प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्तवसहित अनेक अधिकारी एवं बड़ी संख्याी में लोग उपस्थित थे।

## पमरे महाप्रबंधक ने किया न्यू टेलकम कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेल में आधुनिक सिगनल और दूरसंचार प्रणाली से ट्रेन परिचालन में सुरक्षा बढ़ती हैं। भारतीय रेल में उपयोग में आने वाले उपकरणों का अपग्रेडेशन एवं रिप्लेसमेंट एक सतत प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया को इसकी स्थिति, परिचालन आवश्यकताओं और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेलवे सिगनल और दूरसंचार सिस्टम में तीव्र गति से अपग्रेडेशन किया जा रहा है।



ट्रेन संचालन में डिजिटलीकरण एवं आधुनिकरण और सुरक्षा बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बड़े पैमाने पर अपनाया जा रहा है। इसी प्रकार पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एंड दूरसंचार इंजीनियर के नेतृत्व में विकसित न्यू टेलकम कॉम्प्लेक्स का उद्घघाटन मैहर स्टेशन पर किया। आरसीआईएल (रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) के पोर्टा केबिन में लंबे समय से रखें दूरसंचार उपकरणों को नवनिर्मित दूरसंचार परिसर में स्थित स्थयी भवन में स्थानांतरित किया गया। जिससे दूरसंचार उपकरणों के बेहतर रखरखाव एवं अनुरक्षण में स्टाफ को मदद मिलेगी।आधुनिक टैन्सी मेक हाइब्रिड उपकरणों को उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित किया गया। यह उपकरण एमपीएलएस नेटवर्क पर आधारित आईपी बेस्ड उपकरण है, जो कि एसटीएम से सामंजस्य करते हुए इथरनेट, ई एंड एम एवं अन्य दूरसंचार सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम है। टैन्सी मेक के दूरसंचार उपकरण को कम स्थान में आईबीएच एवं एलसी गेट पर आसानी से स्थापित किये जा सकते हैं। सिगनल की विफलता व समस्या निवारण के लिए मोबाइल एप्लीकेशन ऐप लॉन्च किया गया है। जिससे सिगनलिंग कर्मचारियों को विफलताओं के सुधार के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है और सिगनलिंग गियर के डाउन टाइम को कम करने में मदद करता है।

# आगा चौक क्षेत्र में सुधार कार्य के नाम पर घंटों लाइट गुल

**जबलपुर, यशभारत। गुरूवार की सुबह आगा चौक क्षेत्र में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल सुधार कार्य के नाम पर एमपीईबी ने क्षेत्र की घंटों बिजली गुल रखी।**



### पेड़ गिरने का बहाना बताकर एमपीईबी बिजली रखी गुल, परेशान हुए लोग

क्षेत्रीय लोगों ने बिजली उपभोक्ता शिकायत केंद्र में कई बार फोन कर बिजली गुल होने की बात बताई तो अधिकारियों का जबाव था कि सुधार कार्य चल रहा है। जबकि क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि कहीं पर भी सुधार कार्य नहीं हो रहा है, एमपीईबी द्वारा जान बूझकर बिजली गुल रखी गई। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि विभागीय अमले द्वारा क्षेत्र में ठीक ढंग से बिजली उपकरणों का रखरखाव, देखरेख नही की जाती है। जिससे जनता को लो बोल्टेज, लाइन में फाल्ट एवं बार-बार बिजली गुल होने की समस्या से जूझना पड़ रहा है। क्षेत्र में के अंदर की केबिलों में आग लगने, केबिल तार गल कर गिरने एवं टूटने, गर्म होकर चिपकने की समस्या आए दिन सामने आ रही है। जिससे घंटो तक बिजली की आपूर्ति बाधित होती है। खेतों में कई जगह खंबे झुके हुए हैं। कई स्थानों पर तार काफी नीचे झूल रहे हैं। तारों के ऊपर पे?ों की टहनियां लटक रही हैं। बार-बार शिकायत करने व सूचना देने के बाद भी अधिकारियों द्वारा समय सीमा में सुधार नही किया जाता। लोगो का कहना है कि जब कहीं कोई घटना घटित हो जाएगी तब विभाग कोई कार्रवाई करेगा।

### धान उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ आपूर्ति नियंत्रक निलंबित

**जबलपुर।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने धान उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ आपूर्ति नियंत्रक सिद्धार्थ राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।निलंबित कनिष्ठ आपूर्ति नियंत्रक द्वारा पाटन अनुभाग के अंतर्गत धान उपार्जन के लिये निर्धारित संख्या से अधिक सेकेण्ड एसएमएस भेजने के साथ ही ऐसे किसानों को भी सेकेण्ड एसएमएस भेज दिये गये थे जिनके नाम न तो सूची में शामिल थे और न ही उनकी फसल खरीदी केन्द्रों में आई थी।

# वृद्धा को रिश्तेदार के घर जाना पड़ा भारी

### अधारताल में 1 लाख 50 हजार नगदी और हजारों के जेवरात चोरी



**जबलपुर यश भारत।** अधारताल थानांतर्गत न्यू कंचनपुर में एक वृद्धा के सूने घर में धावा बोलकर चोरों ने नगदी और जेवरात पार कर दिए। घटना के वक्त वृद्धा सिविल लाइन स्थित अपने किसी रिश्तेदार के घर गई हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाते हुए चोरी का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक न्यू कंचनपुर रेलवे लाइन के पास रहने वाली नमिता स्वामी के पति की मृत्यु हो चुकी है और वे अपने लड़की-दामाद के साथ घर में रहती हैं। 15 जनवरी को वे सभी घर में ताला डालकर सिविल लाइन में रहने वाली अपने किसी रिश्तेदार के घर चले गए थे। बीती शाम जब वापस आए तो उन्होंने देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। नमिता ने बाहर से ही अपने पड़ोसियों से ताला के संबंध में पूछा तो उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों से ताला खुला हुआ है। जिसके बाद नमिता अपने लड़की-दामाद के साथ अंदर गईं तो पूरा घर फैला हुआ था और अलमारी खुली पड़ी थी। नमिता ने अलमारी का लॉकर देखा तो उसमें रखे उसमें रखी सोने की झुमकी, तीन अंगूठियां और अन्य जेवर गायब थे। परिजनों के मुताबिक अलमारी में एक से डेढ़ लाख रुपए नगद भी था जो भी वहां से गायब है।

## दुराचारी का दुस्साहस

### बलात्कार पीड़िता को धमकी देकर कहा

# समझौता कर लें नहीं तो अच्छा नहीं होगा



**जबलपुर यशभारत।** शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार करने वाले आरोपी ने कोर्ट में समझौता करने के लिए पीड़िता को धमकी दी है। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो इसका अंजाम बुरा होगा। हनुमानताल पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक को दबोच लिया है। समझौता करने का दबाव डाल रहे एक बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया है जिससे पूछताछ जारी है। हनुमान ताल थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि आरोपी नवीन चंदेल को दबोच लिया है। गोल्हानी ने बताया की आरोपी कोर्ट में चल रहे हैं बलात्कार के केस में पीड़िता को डरा धमका रहा था और लगातार यह दबाव बना रहा था कि वह समझौता कर ले ताकि वह कोर्ट से बरी हो जाए पी?ता ने मामले की शिकायत हनुमान ताल थाने में की थी जिसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए दरमियानी रात आरोपी नवीन चंदेल को गढ़ा फाटक से दबोच लिया जिससे पूछताछ जारी है।

# सर्द हवाएं: धूप से मिल रही राहत

**जबलपुर,यशभारत। मौसम अभी पूरी तरह से साफ है। दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है। धूप का तीखापन भी महसूस होने लगा है। जिससे लोगों को दिन में चलने वाली सर्द हवाओं से काफी हद तक राहत मिल रही है। हालांकि रात के तापमान में गिरावट का दौर जारी है। न्यूनतम तापमान 6 से 7 डिग्री के बीच बना हुआ है। जिससे वातावरण में ठंडक का अहसास बना हुआ है।**

आने वाले दो- तीन दिनों में जबलपुर के लोगों को कड़कड़ाती ठंड से कुछ राहत मिल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 21 जनवरी के बाद एक बार फिर मौसम बदल सकता है। जबलपुर सहित मध्यप्रदेश के कुछ जिलो में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना है। क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के मुताबिक एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के संकेत मिल रहे हैं। जिसके असर से उत्तरी राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली पर भी प्रेरित चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनेगा। जो पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश होते हुए पूर्व की तरफ बढ़ेगा। इसके असर से 21 और 22 जनवरी को जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बादल छाने और बारिश के आसार बन सकते हैं। जिसके कारण दिन के तापमान के साथ ही रात के न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी देखी जा सकेगी। ठंड का असर भी कुछ कम होगा। लेकिन मौसम साफ होने के बाद ठंड फिर पलटवार कर सकती है। बहरहाल सुबह से तेज ठंड का अहसास बना हुआ है। सूरज निकलते ही ठंड का असर कम होने लगा। धूप के तीखेपन से ठंड कुछ कम महसूस की जा रही है। दिन का अधिकतम तापमान भी मामूली रूप से बढ़कर 21-22 डिग्री पर पहुंच गया।



## कोरोना की रोकथाम व बचाव के लिए संभाग के आयुष चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**जबलपुर।** संभाग के आयुष चिकित्सा अधिकारियों को कोरोना संक्रमण की तृतीय लहर के बचाव एवं नियंत्रण से संबंधित विषयों पर आज बुधवार को ऑनलाइन माध्यम द्वारा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के प्रधानाचार्य डॉ. एल.एल.अहिरवाल, नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. गुप्ता के निर्देशन मे विषय विशेषज्ञ डॉ. दुर्गेश प्रसाद गुप्ता, रीडर, डॉ. सुजाता शामकुंवर, व्याख्याता, डॉ. रामकुमार अग्रवाल, व्याख्याता, नेताजी सुभाषचंन्द्र बोस मेडीकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. संजय गेडाम द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें संभाग के आठ जिलो के आयुष चिकित्सा अधिकारी सम्मिलित हुये।

## कलयुगी बेटे ने मां के साथ की जमकर मारपीट

### लहूलुहान हालत में थाने पहुंची पीड़िता

**जबलपुर यश भारत।** गोरा बाजार के प्रगति नगर में एक कलयुगी बेटे ने घरेलू बात को लेकर जमकर मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया जिसके बाद लहूलुहान हालत में रोते हुए पीड़िता गोरा बाजार थाने पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार बेटी की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हेमकुमारी चौधरी 62 वर्ष पति स्वर्गीय शंभू लाल चौधरी ने बताया कि सुबह प्रगति नगर तिलहरी की निवासी है दरमियानी रात उसका बेटा आलोक कुमार चौधरी अपने बच्चों से गाली गलौज कर रहा था जब उसने गालियां देने से मना किया तो बेटे ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट कर दी और घर से भगा दिया जब पीड़िता थाने पहुंची तब तक आरोपी घर से फरार हो चुका था।

## स्टंट बाज बाईकर्स ने की जमकर मारपीट

**जबलपुर ,यशभारत।** तिलवारा के शास्त्री नगर में स्टंट बाजपाई कर्ज बीच रोड पर करतब दिखा रहा था जब उसे मना किया गया तो आरोपी युवक ने आव देखा न ताव और पीड़ित युवक की बाइक को धक्का मारते हुए गाली गलौज कर जमकर मारपीट कर दी और मौके से फरार हो गया पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश करने में जुटी ह। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दिलीप सेन 28 वर्ष पिता वृंदावन सेन ने बताया शास्त्री नगर तिलवारा का निवासी है दरमियानी रात संजू सारंग अपनी बाइक रोड पर लहराते हुए स्टंट कर रहा था जब उसने ऐसा करने से मना किया तो संजू आग बबूला हो गया और जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करने लगा जब उसने आरोपी युवक का विरोध किया तो जमकर मारपीट कर दी है जिससे उसको पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई हैं पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है इसकी जांच जारी है।

## वट्ेश्वर धाम क्रिकेट कप लोहकरी महगमा ने जीता



**जबलपुर।** वट्ेश्वर धाम क्रिकेट कप का फाइनल मैच निगरी और लोहकरी महगमा के मध्य खेला गया। जिसमें लोहकरी महगमा ने खिताबी जीत हांसिल की। टॉस जीतकर महकमा ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित ओवर में निगरी टीम ने 87 रनों का टारगेट दिया जिसे 9 गेंद शेष रहते लोहकरी महगमा ने मारी बाजी मैन ऑफ द मैच टीम के लिए महत्वपूर्ण 31 रन और 3 विकेट लेकर मैच जिताऊ पारी खेली । मुख्य अतिथि विधायक सुशील तिवारी, जिलाध्यक्ष रानू तिवारी ने पुरस्कार बांटे। इस मौके पर वट्ेश्वर धाम समिति,राकेश सोनी, योग गुरु शिवराम राहुल साहू, मुकेश सोनी ,अजय यादव ,संजय यादव, मुकेश यादव ,हर्ष सोनी,विपिन चौधरी, विनीत यादव आदि मौजूद रहे।

# पदोन्नति के नाम पर कर्मचारियों से धोखा




**जबलपुर।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने पदोन्नति के नाम पर कर्मचारियों से किये जा रहे धोखे की कड़ी निंदा की है,पदोन्नति की आस में लाखों कर्मचारी रिटायर हो चुके है, संयुक्त मोर्चा जबलपुर साखा द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को योग्यता होने के पश्चात भी पदोन्नत नहीं किया जा रहा है, राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों की पदोन्नति एवं प्रभार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु 9 दिसंबर 2020 को वरिष्ठ अधिकारियों की समिति गठित कर 15 जनवरी 21 तक अनुशंसाएं देना थी उक्त समिति के उपरांत 13 सितंबर 2021 को मंत्रिमंडल समूह की समिति गठित कर दी गई कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने के लिए दो समिति गठित होने के पश्चात भी कर्मचारियों को पदोन्नति एवं उच्च प्रभार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं इस कारण कर्मचारी हतोत्साहित हो रहे हैं विगत 2016 से पदोन्नति का मामला माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित होने के कारण पदोन्नति के अवसर बंद हैं इस लिए मध्य प्रदेश शासन के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति से वंचित रहते हुए सेवानिवृत्त होना पड़ रहा है कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति के अवसर उपलब्ध ना होने से उन्हें भारी आर्थिक रूप से हानि हो रही है। अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे,जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय , मोर्चा में शामिल मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ (मध्यप्रदेश शिक्षक कॉग्रेस) के विश्वदीप पटैरिया,(अजाक्स) योगेश चौधरी,(आई टी आई तकनीकी कर्म.संघ) प्रशांत सोधिया, (म प्र राज्य कर्मचारी संघ)नरेश शुक्ला, (मध्यप्रदेश कर्मचारी कॉग्रेस) संतोष मिश्रा,(म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ)दुर्गेश पांडेय (म. प्र.स्वास्थ कर्मचारी संघ) संजय गुजराल, (मध्यप्रदेश लिपिक कर्मचारी संघ) मुकेश चतुर्वेदी, (मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्म.संघ)रविदहायत,अजय दुबे(म.प्र.डिप्लोमा ई एसोसिएशन)देव दोनेरिया (सपाकस)प्रदीप पटैल (मप्र ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ) एस के बांदिल (मध्यप्रदेश समयपाल महासंघ) मुकेश मरकाम,(मध्यप्रदेश वाहन चालक तकनीकी संघ) संतोष गौतम, योगेन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र सेन,सतीश उपाध्याय, नेतराम झारिया, दालचंद पासी,चंदू जाऊ लकर, अर्जुन सोमवंसी, ने राज्य शासन द्वारा गठित समिति की अनुशंसा शीघ्र जारी कर कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराए जाने की माँग की है।

### राबर्ट फ्रांसिस को समिति ने बनाया वरिष्ठ उपाध्यक्ष

जबलपुर। जागरूक कर्मचारी समिति को मजबूती देने के लिए प्रांतीय सचिव स्टेनली नॉबर्ट की अनुशंसा समिति का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, स्टेनली नॉबर्ट, शहीर मुमताज़, हेमन्त ठाकरे, विनोद सिंह, गोपीषाह, शरीफ अंसारी, फिलिप अन्थोनी, सुनील झारिया, एनोस विक्टर, आर.पी.खनाल, उमेष सिंह ठाकुर, रवि कुमार जैन, शरीफ अंसारी, गुडविन चार्ल्स, भास्कर गुप्ता, नितिन तिवारी, अनिल सपेरा, देवेन्द्र पटेल, बॉबी खान, राजकुमार यादव आदि ने उपस्थित होकर उन्हे बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण 26 जनवरी से

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में सभी शहरों को कचरा मुक्त बनाने और कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग में सभी नगर निगमों को 5-स्टार और अन्य नगरीय निकायों को 3-स्टार दिलाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए 26 जनवरी से स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण शुरू किया जायेगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि यह अभियान 15 दिवस चलेगा। श्री सिंह ने सभी सांसद और विधायकों को पत्र लिखकर कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के आव्हान के साथ ही प्रदेश में स्वच्छता का संकल्प ले लिया गया था। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश स्वच्छता के साथ हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। श्री सिंह ने जन-प्रतिनिधियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आग्रह किया है, जिससे अभियान को गति मिले।


### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर

राप्रक्र/0378/अ-6/2021-2022
जबलपुर दिनांक 21/12/2021

**आम इश्तिहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रंजना अग्रवाल पिता स्वर्गीय रमेश चंद्र अग्रवाल निवासी बिछिया तहसील मंडला के द्वारा नजूल ब्लॉक नंबर 6 स्थित भूमि प्लॉट नंबर 19/1 वैसे रखवा 629 वर्ग फुट भूमि पर सदारानी, बहुरानी रुकमणी ,पिता रमेश चंद्र अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 14/8/2003 को हो जाने के कारण वार शान हक में सोती वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है तक संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो तो नियत तिथि दिनांक 21.1.22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है समय अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक-21/12/202**
**पेशी दिनांक-21/01/2022**

**तहसीलदार अधारताल**
**जबलपुर**



### कार्यालय प्राचार्य जबलपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय जबलपुर

**क्रमांक/ सफाई- माली /2022/ 2693** **जबलपुर दिनांक 19 /01 /2022**

**सफाई -माली टेंडर नोटिस**

स्वशासी संस्था जबलपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय जबलपुर में 1 वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध पर महाविद्यालय एवं छात्रावास परिसर की सफाई -माली व्यवस्था के कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है संपूर्ण निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है निविदा संबंधी जानकारी संस्था की वेबसाइट www.jecjabalpur.ac.in पर भी उपलब्ध है

**प्राचार्य**

जबलपुर
गुरुवार , 20 जनवरी 2022


# सीएम मंत्री व सभी विधायक विस्तारक की भूमिका में

## मध्य प्रदेश भाजपा – वीडी शर्मा – नरेन्द्र सिंह तोमर आज और शिवराज 21 को संभालेंगे बूथ विस्तारक का दायित्व





**भोपाल।** भाजपा के 20 हजार बूथ विस्तारक अगले 10 दिनों में पूरे मध्यप्रदेश के प्रत्येक बूथ पर जाने वाले हैं। 20 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा(वीडी) राजनगर विधानसभा के उदयपुरा मंडल से बूथ विस्तारक योजना का श्रीगणेश करेंगे। इसी दिन गुरूवार को केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और 21 जनवरी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बूथ विस्तारक का दायित्व संभालेंगे। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने बुधवार को मीडिया से चर्चा करते हुए दी। पत्रकारवार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी ने भोपाल जिले में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। दूसरे दलों के नेताओं को भी साधेंगे – भाजपा नेता अग्रवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा कि बूथ समिति 22 कार्य हैं, उनमें बूथ के दूसरे दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी संपर्क का दायितव भी शामिल है।। उन्हें भाजपा की रीति–नीति समझाएंगे। अग्रवाल ने कहा कि 20 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा राजनगर विधानसभा के उदयपुरा मंडल के अंतर्गत 171 नंबर बूथ पर रहकर अभियान का श्रीगणेश करेंगे। 20 जनवरी को ही प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत इछावर विधानसभा से, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मुरैना से, फग्गन सिंह कुलस्ते लखनादोन से, प्रहलाद पटेल जबेरा के तेंदूखेड़ा से बूथ विस्तारक योजना का शुभारंभ करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 21 जनवरी को सोनकच्छ से योजना का शुभारंभ करेंगे। एप के साथ

### मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष करेंगे योजना का शुभारंभ

रजिस्टर में भी दर्ज की जाएगी जानकारी– योजना के लिए संगठन एप बनाया है। इस एप के माध्यम से 20 जनवरी को बूथ समिति, पन्ना समिति और की–वोटर्स का पंजीकरण किया जाएगा। जिसमें उनके नाम, नंबर एवं पता सहित तमाम जानकारी रहेगी। एप्प में समितियों के पंजीकरण के साथ ही एक रजिस्टर भी दिया जा रहा

### बूथ समितियों की होगी ग्रेडिंग

है, जिसमें भी सारी जानकारी दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह केवल डाटा कलेक्शन का काम नहीं है, बल्कि यह बूथ पर ठाकरे जी के मंत्र को सिद्ध करने का काम है। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा चुनाव परिणामों के आधार पर बूथों का ग्रेडेशन भी किया गया है। जहां हमें 70 प्रतिशत से अधिक वोट मिलते हैं वह ए ग्रेड बूथ होगा। इस प्रकार से बूथ समिति बूथों को अपग्रेड करने

### अगले दस दिनों में प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर पहुंचेंगे 20 हजार विस्तारक

का काम करेगी। सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी भाजपा के मंत्र के अनुसार प्रत्येक जाति, पंथ, मजहब और वर्ग को बूथ से जोड़कर बूथ को मजबूत करने का काम किया जाएगा। प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक महीने बूथ समिति के द्वारा सुना जायेगा, जिसके पश्चात बूथ समिति की बैठक होगी।



# स्कूल खोलने की मांग

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**भोपाल।** राजधानी में सर्वधर्म सद्भावना मंच के धर्म गुरुओं ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने राजधानी सहित प्रदेश भर में स्कूल खोलने की मांग की है। सद्भावना मंच के सदस्यों का कहना है कि जब प्रदेश में सभी तरह की गतिविधियां चल रही हैं, तो स्कूलों को 31 जनवरी तक क्यों बंद करके रखा है? 50 फीसद छात्रों की क्षमता के साथ स्कूलों को खोला जा सकता है। सर्वधर्म सद्भावना मंच के अध्यक्ष फादर आनंद मुटूंगल, उपाध्यक्ष पंडित महेंद्र शर्मा, हाजी हारुन, महासचिव भंते सागर शाक्यपुत्र ने बताया कि बड़े–बड़े स्कूलों के लिए आनलाइन स्कूल चलाना लाभ का सौदा होगा, लेकिन छोटे स्कूलों में गरीब तबके के बच्चे पढ़ते हैं। आनलाइन पढ़ने के लिए उनके अभिभावकों के पास मोबाइल भी नहीं है। ऐसी ही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों की है। सिग्नल मिलने की भी समस्या होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार संयुक्त होने के कारण चार से पांच बच्चों के बीच में एक ही मोबाइल होता है। इस परिस्थिति में सभी बच्चों को आनलाइन पढ़वाना अभिभावकों के लिए एक बड़ी समस्या होती है। कुछ गांवों में तो बिजली की समस्या होने के कारण मोबाइल चार्ज नहीं हो पाता। कोरोना की स्थिति भी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अलग–अलग है। इस परिस्थिति में संपूर्ण स्कूलों को बंद करना छात्र–छात्राओं की पढ़ाई और भविष्य के लिए उचित नहीं है। कई स्कूल अभी बच्चों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी करवा रहे हैं। कोरोना से आर्थिक नुकसान होने के कारण कई स्कूलों ने धीरे–धीरे शिक्षक व स्टाफ को वेतन देना शुरू किया था, लेकिन स्कूलों को बंद करने से उनका वेतन फिर रुक जाएगा। इससे उनके समक्ष आर्थिक दिक ?कतें पैदा होंगी।



# महिला का पर्स चोरी कर एटीएम से निकाले 50 हजार रुपये

**भोपाल।** राजधानी के बागसेवनिया इलाके में बदमाशों ने एक महिला का पर्स चोरी कर लिया। बाद में पर्स में रखे एटीएम कार्ड का उपयोग कर खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। बदमाशों ने रोहित नगर और सलैया स्थित एटीएम से रुपये निकाले थे। महिला को जब इसका पता चला तो उन्होंने थाने जाकर शिकायत की। पुलिस का कहना है कि आरोपित का सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसके आधार पर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक अर्चना सिंह (58) होशंगाबाद रोड स्थित मिसरोद में रहती हैं और गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गत 2 जनवरी को वह सुरेंद्र पैलेस गई थी, जहां कुछ खरीदारी करके लौट आई। चार जनवरी तक उनके खाते से पचास हजार रुपये निकल चुके थे। अर्चना को रुपए निकलने की जानकारी नहीं थी। इस बीच उनकी बेटी ने मोबाइल में बैंक से आए मैसेज देखे, तब जाकर उन्?हें चोरी की भनक लगी और एटीएम कार्ड ब्लॉक कराया।

# सरकार के पाले में ओबीसी आरक्षण की गेंद

## सुप्रीम आदेश–ट्रिपल टेस्ट हो फिर कराएं पंचायत चुनाव




**भोपाल।** मध्यप्रदेश के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय की गेंद राज्य सरकार के पाले में डाल दी है। बुधवार को हुई सुनवाई के बाद तीन जजों की पीठ ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को पंचायत चुनाव में आरक्षण देने से पहले राज्य सरकार ट्रिपल टेस्ट कराए और इस फैसले का पालन करते हुए आगे की कार्रवाई करे। संविधान के दायरे में रहते हुए आरक्षण देकर चुनाव कराए जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की इस व्यवस्था के बाद सरकार की पुनर्विचार याचिका निराकृत हो गई। इससे सरकार ने राहत की सांस ली है क्योंकि चुनाव पर से रोक हट गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता और कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने बताया कि हमने याचिका में जिस अध्यादेश के चुनौती दी थी वो सरकार ने वापस ले लिया है और चुनाव भी रद हो गए हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका को भी निराकृत कर दिया। तन्खा ने सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के बाद कहा कि यही तो हम कह रहे थे कि मध्य प्रदेश सरकार ने अध्यादेश के माध्यम से अधिनियम में जो संशोधन किए हैं, वे असंवैधानिक और आरक्षित वर्ग के हितों के खिलाफ है।

### पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देगी सरकार

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग के साथ शिवराज सरकार किसी भी सूरत में अन्याय नहीं होने देगी। ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट के बाद पंचायतों के त्रिस्तरीय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी दी है। सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि चुनाव से संबंधित अध्यादेश निरस्त कर दिया है इसलिए याचिका सारहीन हो चुकी है। महाराष्ट्र राज्य के प्रकरण में पारित फैसला मध्य प्रदेश के निर्वाचनों में भी लागू होगा।

### यह होता है ट्रिपल टेस्ट

सरकार ओबीसी वर्ग को पंचायत चुनाव में आरक्षण देने के लिए ट्रिपल टेस्ट कराएगी। इसके तहत तीन चीजें करना होती हैं। पहली शर्त के रूप में राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग गठित किया जा चुका है। दूसरा, ओबीसी वर्ग के लोगों की गणना का काम चल रहा है। कलेक्टरों से ओबीसी मतदाताओं की जानकारी पंचायतवार एकत्र कराई जा रही है। तीसरा, इसके आधार पर आयोग पिछड़ा वर्ग की सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन करके सरकार को प्रतिवेदन देगा। इस पर आरक्षण तय होगा। उल्लेखनीय है कि शिवराज सरकार वर्ष 2019 में कमल नाथ सरकार के समय हुए पंचायतों के परिसीमन को निरस्त करने के लिए मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज संशोधन अध्यादेश लाई थी। इसकी वजह से वर्ष 2014 के चुनाव में लागू आरक्षण व्यवस्था प्रभावी हो गई थी। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम घोषित किया था। इसे पहले हाई कोर्ट में चुनौती दी गई लेकिन जब राहत नहीं मिली तो सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंचायत चुनाव में ट्रिपल टेस्ट नहीं किए जाने के आधार पर ओबीसी आरक्षण पर रोक लगा दी और राज्य निर्वाचन आयोग को आदेश दिया कि ओबीसी के लिए आरक्षित पदों को सामान्य श्रेणी में पुन: अधिसूचित किया जाए। सरकार ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव नहीं कराना चाहती थी इसलिए पुनर्विचार याचिका दायर करके शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया पर सुप्रीम कोर्ट ने इन्कार कर दिया। इस बीच सरकार ने विधानसभा में ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव नहीं कराए जाने संबंधी संकल्प सर्वसम्मति से पारित कराया और राज्यपाल की अनुमति से मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज संशोधन अध्यादेश वापस ले लिया। इस आधार पर राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव रद कर दिए। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकार ने अध्यादेश वापस लेने और चुनाव रद होने की बात रखी। साथ ही कहा कि आगामी चुनाव ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए कराए जाएंगे। इस आधार पर कोर्ट ने याचिका को निरस्त कर दिया। राज्यपाल की अनुमति से मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज संशोधन अध्यादेश वापस ले लिया।



# भोपाल पुलिस ने बीयू को हराकर खिताब जीता

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित तृतीय आरएनटीयू चैंपियंस ट्राफी के गवर्नमेंट ग्रुप में भोपाल पुलिस ने सौरव बामने के शानदार अर्धशतक के दम पर बीयू भोपाल को हराकर खिताब पर अधिकार जमाया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर भोपाल पुलिस ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाए। इसमें सौरव बामने ने 43 गेंद पर 66 रन, फिरोज ने 35 गेंद पर 49 रन और विशाल ने नाबाद 19 रन की पारी खेली। बीयू के गेंदबाज अंकित कुलकर्णी , प्रशांत झा ने दो दो तथा जीतू ने एक विकेट लिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरे बीयू के बल्लेबाज भुवन विजय शर्मा के 29 गेंद पर 46 रन, जीतू ने 39 रन और वीरेंद्र भलावी ने 30 रन की पारी खेली। भोपाल पुलिस के फिरोज ने तीन, सुनील चंद्र व गौतम ने दो दो विकेट चटकाएं। भोपाल पुलिस ने रोमांचक मुकाबले में यह मैच 6 रनों से जीत लिया। सौरव बामने को विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर सतीश अहिरवार के हाथों मैन ऑफ द मैच दिया गया




# विधानसभा चुनाव के लिए मुद्दे तय करने कांग्रेस कराएगी आनलाइन सर्वे

**भोपाल।** वर्ष 2023 में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी, इसका निर्णय जनता से पूछकर ही किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस का आइटी विभाग आनलाइन सर्वे कराएगा। इसमें किसानों की बदहाली, बेरोजगारी, महंगाई, महिला और अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग पर होने वाले अत्याचार, भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर प्रश्न रहेंगे। इसके साथ ही सरकार के प्रदर्शन को लेकर जनता की राय ली जाएगी। प्रदेश कांग्रेस के आइटी विभाग के अध्यक्ष अभय तिवारी ने बताया कि संगठन विभिन्न् मुद्दों को लेकर आनलाइन सर्वे कराता है। अब तय किया है कि विधानसभा चुनाव में मुख्य मुद्दे क्या रहेंगे, इसको लेकर जनता की राय ली जाएगी। इसके लिए प्रारूप तैयार किया जा रहा है। जनता की राय के आधार पर कांग्रेस भी अपने कार्यक्रम तय करेगी। हमने सरकार से बेरोजगारी, कुपोषण, महिला सुरक्षा, अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के साथ हो रहे अत्याचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर सरकार से भी सवाल पूछे हैं। पिछले दिनों हमने यह सर्वे कराया था कि इनमें से आप फिर कभी मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहती है।

# होम बार में ड्राई डे का कैसे होगा पालन नई शराब नीति पर सवाल!

## शराब दुकान नहीं बढ़ाई पर सरकार ने पिछले दरवाजे से कर दी भरपाई, होम बार का आडिट कैसे



भोपाल। शिवराज कैबिनेट द्वारा पारित आबकारी नीति में कई ऐसी खामियां हैं, जो सवाल खड़े करती हैं। नीति में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ड्राई डे यानी गांधी जयंती, होली या चुनाव की स्थिति में होम बार पर नियंत्रण कैसे होगा। होम बार की आड़ में पवित्र नगरों में भी शराबखोरी शुरू हो जाएगी। सरकार ने प्रत्यक्ष तौर पर भले ही शराब की नई दुकान नहीं खोलने का निर्णय लिया हो पर पिछले दरवाजे से कई रास्ते जरूर खोल दिए हैं। अब न सिर्फ एयरपोर्ट पर वाइन शाप खुलेगी बल्कि बड़े शहरों में माल में वाइन शाप के काउंटर खोलने की अनुमति दी जाएगी। देसी शराब की दुकान पर विदेशी और विदेशी शराब की दुकान पर देसी शराब की उपलब्धता होगी। यही फैसला बताता है कि सरकार ने तकनीकी तौर पर भले ही शराब दुकानों की संख्या नहीं बढ़ाई लेकिन व्यावहारिक तौर पर देसी–विदेशी दोनों की दुकानें दोगुनी हो गई। एक तरफ राज्य सरकार नशा मुक्ति अभियान चलाने की बात भी कर रही है तो दूसरी तरफ शराब की पहुंच को और आसान बनाया जा रहा है। खपत बढ़ाने के लिए शराब सस्ती की जा रही है। घर पर शराब रखने की मात्रा में भी वृद्धि की गई है। होम बार में किसके पास कितनी शराब है, इसके आडिट का कोई तरीका नहीं बनाया जा सकता है। घरों से शराब का अवैध परिवहन भी नहीं रोका जा सकेगा। कांग्रेस इसे शिवराज सरकार का शराब प्रेम करार दे रही है। वहीं, राज्य सरकार के प्रवक्ता गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा का कहना है कि कांग्रेस सरकार तो महिलाओं के लिए अलग शराब दुकान खोलने वाले थी। पंजाब और छत्तीसगढ़ में शराब के क्या हाल हैं, जरा पता कर लें। पंजाब को उड़ता पंजाब बना दिया है।

### पेट्रोल-डीजल, बिजली महंगी पर सस्ती मिलेगी शराब

प्रदेश की नई आबकारी नीति को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने ट्वीट किया कि प्रदेश में पेट्रोल–डीजल और बिजली महंगी पर शराब सस्ती मिलेगी। सरकार ने आबकारी नीति से अपनी प्राथमिकता बात दी है। अब एक ही दुकान से देसी और विदेशी शराब बिकेगी। सुपर बाजार, एयरपोर्ट पर शराब मिलेगी। घर में शराब रखने की सीमा चार गुना बढ़ा दी है। शराब माफिया पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। भिंड में चार लोगों की जहरीली शराब से मौत हो गई। वहीं, दिग्विजय सिंह ने कहा कि अवैध शराब को रोकने के लिए सस्ती शराब की नीति बनाई है। नर्मदा नदी के तट से पांच किलोमीटर के दायरे में शराब की बिक्री प्रतिबंधित है पर भाजपा के नेता ही बेच रहे हैं। ऊपर से लेकर नीचे तक सबको हिस्सा पहुंच रहा है। आबकारी नीति से शराब पीने वालों की सहूलियत हो सकती है पर यह आमजन के हित में नहीं है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के शराबबंदी अभियान को लेकर कहा कि वे और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तय कर लें कि आखिर करना क्या चाहते हैं।




# उर्दू और फारसी की जगह हिंदी के शब्दों का उपयोग करेगी पुलिस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पुलिस अपनी कार्रवाई में उर्दू और फारसी की जगह हिंदी के शब्दों का उपयोग करेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आपत्ति के बाद पुलिस मुख्यालय ने सभी शाखाओं से इसके लिए सात दिन में सुझाव मांगे हैं। दरअसल, कलेक्टर–कमिश्नर कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने दस्तयाब जैसे शब्द को मुगलकालीन बताते हुए सरल शब्दों का उपयोग करने की बात कही थी। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान सहित अन्य राज्यों में ऐसे शब्दों को बदला जा चुका है लेकिन मध्य प्रदेश में इसकी पहल नहीं हुई थी। पुलिस मुख्यालय की अनुसंधान एवं विकास शाखा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार गुप्ता ने मंगलवार को सभी शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षकों से सुझाव मांगे हैं। अधिकारियों से पूछा गया है कि उनकी शाखा में गैर हिंदी कितने शब्दों का उपयोग होता है। इसके स्थान पर हिंदी के शब्दों का उपयोग किया जाना है। इसके लिए शब्दकोश तैयार किया जा रहा है, जिसे सभी इकाइयों को भेजा जाएगा ताकि हिंदी के शब्दों का उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। बता दें कि अभी पुलिस कार्रवाई के दौरान दस्तयाब यानी खोज निकालना, मशरूका यानी सामान, हिकमत अमली यानी सूझ–बूझ, मौका मुआयना यानी घटनास्थल का निरीक्षण, निशानदेही यानी पूछताछ के दौरान आरोपित द्वारा माल बरामद करवाना आदि शब्दों का उपयोग करती है।

# कंपाउंडिंग राशि जमा कराने के मामले में इंदौर से पिछड़ा भोपाल

**भोपाल।** मकान, भवनों में अनुमति के अतिरिक्त और अवैध निर्माणों को वैध करने में भोपाल इंदौर से कहीं पीछे है। राजधानी में कंपाउंडिंग शुल्?क के रूप में अब तक सात करोड़ रुपए का राजस्?व आया है तो वहीं इंदौर में यह आंकड़ा 45 करोड़ के पार पहुंच गया है। वहां मामले भी ज्यादा बने हैं। इसकी मुख्य तौर से दो वजह सामने आ रही है। पहला, इंदौर में जमीन (कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक) महंगी है। दूसरा यह कि भोपाल में अधिकांश लोग कंपाउंडिंग से बचने के लिए रसूख दिखाते हैं। अफसरों, नेताओं से पहचान बताते हैं। मौजूदा स्थिति में भोपाल में कंपाउंडिंग के 1450 केस बनाए जा सके हैं। वहीं इंदौर में 2400 भवन या मकान मालिक अवैध निर्माण को नियमित करा चुके हैं।

## अनूपपुर की अनोखी चाय ...चाय पीओ कप पेट के अंदर



**अनूपपुर।** शहडोल के बाद अब अनूपपुर में भी अनोखी चाय चर्चाओं में है। अनूपपुर एक ऐसी स्पेसल चाय मिल रही है। जिसको पीने के बाद लोग कप ( कुल्हड ) खा जाते है। जो इन दिनों चर्चाओं में है। इस चाय का नाम है *चाय पंचायत* इस चाय पंचायत चाय को पीने के लिए मध्यप्रदेश के साथ साथ अनूपपुर से लगे छत्तीसग? से भी लोग आते है। इस चाय सबसे खास बात ये है कि इस चाय को पीने के बाद लोग पूरा का पूरा कप ( कुल्हड ) खा जाते है। आमतौर पर लोग चाय पीने के बाद डिस्पोजल फेंक देते हैं, उससे कचरा फैलता है, प्रदूषण फैलता है। इस वेफर्स कॉन्सेप्ट से ना तो कचरा फैलेगा और ना ही प्रदूषण फैलेगा. लोग चाय भी पिएंगे और कप खा जाएंगे, यह बहुत यूनिक और अच्छा कॉन्सेप्ट है।

अनूपपुर जिले के अमलाई में ग्रामीण क्षेत्र का एक युवाक ने एक नया स्टार्टअप शुरू किया है, जिसमें उन्होंने एक चाय की दुकान शुरू की है। और उस चाय का नाम दिया *चाय पंचायत* उनके इस चाय की दुकान में स्पेशलिटी यह है कि वह चाय के साथ कप भी खाने को दे रहे हैं, इस चाय की कीमत 20 ? है। इस दुकान की चाय तो अलग फ्लेवर की है ही, लेकिन चाय पीने के बाद कप खाने का कॉन्सेप्ट लोगों को आकर्षित कर रहा है. लोग चाय और कप को टेस्ट करने के लिए दुकान पर जरूर पहुंच रहा है , और पंचायत करते हुए चाय पंचायत का आनद ले रहे है। यह ट्रेंड युवा का यूनिक कॉन्सेप्ट दिनों अनूपपुर के सोशल मीडिया में भी ट्रेंड कर रहा है. सबसे अच्छी बात यह है कि सोशल मीडिया में देखकर लोग दुकान को ढूंढ कर वहां पहुंच रहे हैं।

- अनूपपुर जिले के चकेठी गाँव के रहने वाले 21 वर्षीय यश कुमार सोनी दुकानदार का कहना है कि मैं पहले एचडीएफसी माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करता थे, और सुबह सुबह ऑफिस जाने के लिए तैयार हुआ मां से चाय मांगा तो किसी बात को लेकर चिल्लाने लगी तो मैंने कहा कि माँ चाय पीते समय पंचायत मत किया करिए , इस बात से मुझे प्रेरणा मिली क्यों न मैं *चाय पंचायत* नाम की दुकान चालू कर लू और मैंने सिंपल चाय की दुकान चालू कर ली मेरे दोनों भाई आर्मी में नौकरी करते है। उनसे मिलने के लिए लखनऊ आर्मी कैंटीन गया वहां पर हरियाणा के दोस्तों से मुलाकात हुई तो उन्होंने सलाह दी कि बिस्कुट कप में चाय बेचो अधिक बिक्री होगी और प्रदूषण भी नहीं होगा हमारे यहां चाय के तीन फ्लेवर मिलते हैं चॉकलेटी, इलायची और नॉर्मल कुल्ह? वाली चाय जो इन दिनों चर्चाओं है। सबसे अच्छी बात यह है कि सोशल मीडिया में देखकर लोग दुकान को ढूंढ कर

## सांसद का आश्वाशन स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रथम प्राथमिकता

**शहडोल।** लोकसभा क्षेत्र शहडोल की लोकप्रिय जनप्रिय सांसद महिला शक्ति की परिचायक केंद्र में खनन परामर्शदात्री समिति की सदस्य श्रीमती हिमाद्री सिंह मरावी ने क्षेत्र के लोगों का कुशल क्षेम जाना और बड़ी ही सादगी से आमजन से मुलाकात कर उनके बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के आदेश संबंधित विभाग और अधिकारियों को दिए।

साथ ही एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में आई निजी कंपनीज में स्थानीय युवाओं को प्रथम वरीयता मिले इसका आश्वाशन भी सांसद महोदया की तरह से क्षेत्र के युवाओं को दिया गया चूंकि क्षेत्र लोकसभा शहडोल आदिवासी बाहुल्य और बड़ी संख्या में यहां पर पढ़े लिखे बेरोजगार काम की तलाश में जुटे रहते हैं और नौकरी ना मिलने पर दूसरे प्रदेशों की ओर प्रस्थान करते हैं इस समस्या से क्षेत्र के जनप्रिय सांसद हिमाद्री सिंह को अवगत कराते हुए क्षेत्र के युवाओं की मांग को दृष्टिगत रखते हुए अंकित गुप्ता ने सांसद के समक्ष अपनी बात रखी की क्षेत्र में आई निजी कंपनीज अपने मनमाना कार्यशैली और मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना करते हुए नजर आती है एवम स्थानीय स्तर



पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन निजी कंपनीज नही करती है जिसकी वजह से युवाओं को पलायन करना पड़ता है गुप्ता ने आगे कहा की युवाओं को रोजगार उनकी योग्यता के अनुसार उपलब्ध कराया जाए सांसद महोदया श्रीमती हिमाद्री सिंह ने युवा हित की इस संवेदनशील मांग को ध्यान से सुना और क्षेत्रीय स्तर पर इस मांग को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया साथ ही ये भी कहा की मैं खुद स्थानीय निजी कंपनीज की साइट का दौरा करूंगी और संबंधित अधिकारियों से युवाओं के स्वाभिमान से संबंधित इस मांग को पूरा करने का प्रयत्न करूंगी जिससे की क्षेत्रीय युवाओं को क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर प्रदाय हो सकें।

### प्रखर व्यक्तित्व इनकी पहचान

विदित को शहडोल लोकसभा क्षेत्र को की सांसद जब भी क्षेत्र भ्रमण पर निकलती हैं तो जन समस्याओं का निराकरण अपने स्तर पर त्वरित करती हैं गंभीर कार्यशैली क्षेत्र के प्रति एक व्यापक सोच रखने वाली शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह अपने लोकसभा क्षेत्र में किए गए विकास के कार्यो के लिए भी जानी जाती हैं उनके कार्यकाल में संपूर्ण क्षेत्र का संतुलित और मांग और जरूरत के अनुसार विकास हो रहा है जो की क्षेत्र में जमीन पर भी दिखता है लोकसभा स्तर पर किसी भी नई चीज की मांग को संसद के पटल पर प्रखरता से रखना इनकी सबसे बड़ी काबिलियत क्षेत्र के प्रति गंभीरता को दर्शाता है।

## वृद्धा का करवाया स्वास्थ्य परीक्षण



**नरसिंहपुर यभाप्र।** बीते दिवस कलेक्ट्रेट परिसर में सिंधी कॉलोनी स्टेशनगंज नरसिंहपुर से आई आवेदिका श्रीमती विमला सोनी ने कलेक्टर रोहित सिंह अपनी समस्या सुनाई। उन्होंने बताया कि उनका दाहिना पैर एक्सीडेंट में खराब हो गया है, जिसके कारण उन्हें चलने-फिरने में काफी परेशानी होती है। कलेक्टर श्री सिंह ने उन्हें तत्काल छड़ी दिलवाई। इसके अलावा कम्बल प्रदान करने एवं स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव मौजूद थे।

## बूथ विस्तारक योजना के सफल संचालन के लिए भाजपा ने वरिष्ठों को दिये प्रभार

**नरसिंहपुर यभाप्र।** भाजपा पितृ पुरूष कुषाभाऊ ठाकरे जी का जन्म शताब्दी वर्ष मना रही है जिन्हाने प्रदेष ही नहीं पूरे देश में संगठन को खड़ा किया है जिसके विस्तार का दायित्व भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का है इस हेतु बूथ विस्तारक योजना एक इतिहासिक कार्यक्रम होगा। जिसमे कार्यकर्ता अपना एक-एक पल संगठन के विस्तार में लगाकर हर बूथ पर संगठन की मजबूती के लिए विस्तारकों के माध्यम से आने वाले दस दिनो तक मतदान केन्द्र को संगठन की दृष्टि से सुदृण करेंगे। जिसमें संभागीय बैठक में प्रदेश प्रभारी पी.मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष वी.डी.शर्मा संभागीय प्रभारी सारतेन्दु तिवारी जिला प्रभारी सुधीर अग्रवाल की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा ने जिले की चारो विधानसभाओ में 20 से 30 जनवरी तक चलने वाले बूथ विस्तारक योजना के सुचारू संचालन के लिए प्रभारियो की घोषणा की जिसमें संगठन के वरिष्ठ नेताओ के साथ साथ जिला पदाधिकारियों को भी विधानसभा सह दायित्व सौंपे। जिसमें गोटेगांव विधानसभा हाकम सिंह चढ़ार, पंकज चौकसे, नरसिंहपुर विधानसभा मंहत प्रीतमपुरी गोस्वामी, संदीप ममार, तेंदूखेड़ा विधानसभा अवधेष पटेल, रमाकांत शर्मा, गाडरवारा विधानसभा गौतम पटैल, मिनेन्द्र ड़ागा, जयप्रकाष वर्मा, के साथ भाजपा के जिला पदाधिकारियो को भी उक्त कार्यक्रम में अपनी जिम्मेदारी करने के लिए दायित्व सौंपे जिसमें गोटेगांव विधानसभा नंदकिशोर ठाकुर, निधान सिंह पटेल, नरसिंहपुर विधानसभा ठा. राजीव सिंह, विनीत नेमा, तेंदूखेड़ा विधानसभा रमाकांत धाकड़, हरिप्रताप ममार, गाडरवारा विधानसभा डॉ.हरगोविंद पटेल, जयप्रकाष वर्मा यह सभी बूथ विस्तारक योजना में बूथ विस्तारको के साथ समन्वय एवं प्रवास करके अपने दायित्व का निर्वाह करेंगे।

## कहीं भारी ना पड़ जाये लापरवाही

**डोभी यभाप्र।** कोरोना की तीसरी लहर अब अपना नया रंग दिखाने लगी है शहर से अब गांव की ओर कोरोना ने अपने पांव फैलाना शुरू कर दिया है ऐसे में लोग लापरवाही से बेफिक्र बिना मास्क लगाए ही घरों से निकल रहे हैं। बाजार में पहुंचकर कोरोना वायरस के संक्रमण को दावत देने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। लोगों की लापरवाही इस कदर बढ़ रही है कि बाजार में बिना मास्क लगाए ही बाइकों व पैदल गुजरने वालों की भरमार है, वहीं दुकानदार भी बिना मास्क लगाए ही सामान बेचने में लगे रहते हैं। बड़ी संख्या में लोग कोरोना के प्रति सावधानी नहीं बरत रहे हैं। बिना मास्क के लोग बाजार में घूम रहे हैं। लोग शारीरिक दूरी का ख्याल नहीं रख रहे हैं। इधर प्रशासन भी ऐसे लापरवाह लोगों पर सख्ती नहीं बरत रहा है। बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि जब तक लोग इसके दुष्परिणाम को नहीं समझेंगे, तब तक कोरोना को नहीं हराया जा सकता। ज्ञात हो कि जिला सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना की तीसरी लहर बडी तेजी से बढ रही है विगत दिनों डोभी मे भी कोरोना के दो मरीज सामने आ चुके है परंतु लोग अभी भी लापरवाही बरत रहे है।

### नागरिकों को कोरोना अनुकूल व्यवहार करने की दी समझाइश

# कलेक्टर, एसपी ने किया शहर का पैदल भ्रमण



*नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर रोहित सिंह और पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव बुधवार को नरसिंहपुर शहर के पैदल भ्रमण पर निकले। भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर मनोज कुमार ठाकुर, सीएमओ नरसिंहपुर अन्य अधिकारी, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं पुलिस महकमा मौजूद रहा।*

रोको- टोको अभियान के तहत बगैर मास्क के घूमने वाले व्यक्तियों एवं कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले दुकान संचालकों पर चालानी कार्रवाई भी की गई। यूको बैंक नरसिंहपुर में प्रवेश द्वार पर सेनेटाइजर आदि नहीं होने पर बैंक प्रबंधक पर जुर्माना लगाया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला अग्रणी बैंक नरसिंहपुर को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी बैंक संस्थानों में सेनेटाइजर की व्यवस्था हो। इसके अलावा बैंकों के एटीएम में भी सेनेटाइजर रखवाये जावें। अधिकारियों द्वारा शहर के सुनका चौराहा, राम मंदिर होते हुए, सिंहपुर चौराहा, पुराना बस स्टेंड, सतीश टॉकीज के सामने तक पैदल भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों और दुकान संचालकों को अनिवार्य रूप से मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन करने की समझाइश दी। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे शासन की गाइड लाइन का पालन करें, कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मास्क जरूर लगायें। कोरोना की प्रभावी तरीके से रोकथाम के लिए मास्क लगाना बेहद जरूरी है। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना और सेनेटाइजर का उपयोग करना बहुत जरूरी है। भ्रमण के दौरान नागरिकों को नि: शुल्क मास्क भी वितरित किये गये।

### जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

कलेक्टर रोहित सिंह ने अधिकारियों के साथ जिला चिकित्सालय का भी औचक निरीक्षण किया। जिला अस्पताल परिसर में पीएम केयर्स फंड से स्थापित एक हजार लीटर प्रति मिनिट क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने इसके पश्चात नवीन आईसीयू वार्ड का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि परिसर में ड्रेनेज अच्छे से कव्हर हो। साथ ही विद्युत कनेक्शन पाइप की कैपिंग हो। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट से प्रदान की जाने वाली ऑक्सीजन व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट सक्रिय रूप से संचालित होता रहे। इसके पश्चात परिसर में स्थापित किये जा रहे लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन एलएमओ प्लांट का भी जायजा लिया। उक्त एलएमओ 6 हजार लीटर की क्षमता का है। इसका फाउंडेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। दो दिवस में एप्रोच रोड भी पूर्ण हो जायेगी। इसके पश्चात ऑक्सीजन टैंक लगाने का कार्य भी शीघ्र पूर्ण हो जायेगा। इसके बनने से ऑक्सीजन की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं होगी।



### पीस मेमोरियल का किया अवलोकन

कलेक्टर रोहित सिंह ने अधिकारियों के साथ जनपद मैदान में स्थित पीस मेमोरियल का भी अवलोकन किया। यहां उन्होंने जनपद सीईओ एवं सीएमओ नरसिंहपुर को पर्याप्त साफ-सफाई, सीसीटीव्ही कैमरा एवं लाइटिंग की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिये।

## शाकाहार अपनाने, जय गुरुदेव संगत का सत्संग

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** किरार भवन परिसर में तेंदूखेड़ा के जय गुरुदेव संगत का शाकाहार अपनाने को लेकर सत्संग संपन्न हुआ। इसमें बाहर से पधारे वरिष्ठ सत्संगियों द्वारा बाबाजी के बताये गये रास्ते पर चलने हम मानव होकर दानवों जैसा कोई काम ना करें। शाकाहार अपनाने से हमारा मन तन दोनों स्वस्थ्य रहता है। परिवार में शांति और अच्छे संस्कार आचरण विचार आते हैं। मांसाहारियों के जीवन में कलह परिवार में अशांति तन वेडोल एवं अनेकों प्रकार की बीमारियां हमें घेरती है।जीवन बार बार नहीं मिलता है अनेक योनियों के बाद एक बार मानव योनि मिलती है। हम अपने कर्मों के माध्यम से समाज में एक अलग पहचान बनायें। किसी दूसरे जीव जन्तु को सताने उसे मारने का हमें कोई अधिकार नहीं है। हम दूसरों के साथ जैसा व्यवहार करते हैं वैसा ही हमारे जीवन में वापस लौटता है। जीव जंतुओं की हत्याओं के कारण ही आज हमारे चारों तरफ अनीति अत्याचार प्राकृतिक आपदाओं का बोलबाला बढ़ता चला जा रहा है। विचारों में परिवर्तन के साथ परिवारों में कलह और विचारों में भिन्नता के कारण बिखराव की स्थिति बनती चली जा रही है। इसलिए हम सभी शाकाहार अपनाने के लिए सभी को प्रेरित करें। सामूहिक आरती एवं भंडार के साथ सत्संग का समापन हुआ। इस मौके पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों को कलेंडर एवं डायरी भेंट किये गये।



## कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**नरसिंहपुर यभाप्र।** शैक्षणिक सत्र 2022- 23 के लिए विभागीय विशिष्ट विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 27 फरवरी 2022 को किया जाना संभावित है। इसके लिए अपना आवेदन विभागीय वेबसाइट के माध्यम से 15 जनवरी से 5 फरवरी 2022 तक ऑनलाइन कर सकते हैं। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग नरसिंहपुर ने बताया कि विशिष्ट संस्थाओं में प्रवेश के लिए कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत जनजातीय वर्ग, विशिष्ट पिछड़ा जनजाति बैगा, भारिया, सहरिया, गैर अधिसूचित घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ समुदाय ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा वे बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतानए दिव्यांग एवं दिव्यांग माता पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता जिन्होंने विद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि दान की होद्ध एवं ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों से आवेदन विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन कराये जा सकते हैं।

## जीई ने अनूपपुर थर्मल पावर प्लांध्ट के लिये हर साल 51, 000 टनै ए2 कम करते हुए उत्सरर्जन कम करने का लक्ष्य रखा

**नई दिल्ली।** भारत में बिजली पैदा करने के बाजार की अग्रणी कंपनी जीई पावर इंडिया लिमिटेड ;जीईपीआईएलद्ध' बिजली उत्पा दक के तौर पर एमबी पावर मध्यीप्रदेश लिमिटेड के लिये अपोलो इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ जुड़ रही है। इस भागीदारी में जीई अनूपपुरए मध्यपप्रदेश में स्थित 2ग् 600 मेगावाट अनूपपुर टीपीपी के लिये डब्यूरही एफ्जीडी सिस्टएम का डिजाइन और आपूर्ति करेगी। यह देश में एक स्वातंत्र बिजली उत्पा दक के लिये जीई का पहला एफ्जीडी ऑर्डर है। इस प्रोजेक्टव में डब्यूड एफ्जीडी सिस्टफ्म के लिये महत्वटपूर्ण कम्पो्नेन्ट्स का डिजाइनए इंजिनियरिंग और आपूर्ति शामिल है। पूरा होने के बाद यह प्रतिघंटा 7ण्4 मिलियन क्यूबिक मीटर फ्लू गैस को साफ करने और हर साल 51ए000 टन ै ए2 हटाने में अपने ग्राहक को सहयोग देगा। इस प्रोजेक्टल के वर्ष 2024 में शुरू होने की उम्मीरद है और यह थर्मल पावर प्लां ट्स मैं ए2 के लिये उत्सोर्जन नियमों के अनुपालन में



अपने एंड.यूजर की सहायता करेगा।

जीई के एयर क्वालिटी कंट्रोल सिस्टिम ;एक्यूयसीएसद्ध सॉल्यूशंस ग्राहकों और उनकी कम्युसनिटीज के लिये हवा की समग्र गुणवत्ताा के सुधार के संदर्भ में असल और ठोस प्रभाव की पेशकश करते हैं। इस जीत पर अपनी बात रखते हुए जीई पावर इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टभर प्रशांत जैन ने कहाए श्पर्यावरणीय प्रदूषण मैं ग्व और छग्व के समग्र स्तटरों को कम करने के लिये भारत सरकार की प्रतिबद्धता प्रोत्सा हक है। हम डब्यूर्य एफ्जीडी के लिये यह ऑर्डर पाकर खुश हैंए जोकि देश में एक स्व तंत्र बिजली उत्पापदक से जीई को मिला पहला ऑर्डर है। यह देश के ज्याडदा स्वंच्छज भविष्यस में योगदान देने के मामले में हमारे ग्राहकों का हम पर भरोसा दिखाता है। यह सॉल्यू शन ै ए2 के उत्सिर्जन को कम करने में सहायक होगा और आस.पास के क्षेत्रों में हवा की समग्र गुणवत्ता को सुधारने का काम करेगा।

एमबी पावर ;मध्य।प्रदेशद्ध लिमिटेड में पावर के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट श्री विनोद अग्रवाल ने कहाए श्हम अपने अनूपपुर प्लांसट में उत्स र्जन नियमों के पालन हेतु डब्यू एफ्जीडी सिस्टेम्सह लगाने में सहयोग के लिये जीई का सहयोग पाकर बहुत खुश हैं।



इन दिनों सोशल मीडिया पर सनसनी फैला रही हैं। ऑरेंज बिकिनी पहने वह अपनी पतली कमर और कर्व्स के जरिए अपने फैंस को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड रही हैं।

इंस्टाग्राम के जरिए सामने आई श्रद्धा दास की फोटो देखकर हर कोई हक्का-बक्का हो गया है और शायद यही वजह है कि उनकी तस्वीरों पर उनके फैंस के लाइक-कॉमेंट रुकने का नाम नहीं ले रहे।

## साउथ व बॉलीवुड फिल्म में अपनी अलग पहचान बना चुकीं एक्ट्रेस

# श्रद्धा दास

ये पहली बार नहीं है कि श्रद्धा दास ने इतनी बोल्ड फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इससे पहले भी वह कई बार बिकिनी और कई अन्य सिजलिंग-रिवीलिंग ड्रेस में फोटो शेयर कर वाहवाही लूट चुकी हैं।
जान्हवी ने शेयर कीं सेल्फ-केयर वीकेंड क , सनबाथ लेती आई नजर
श्रद्धा दास का इंस्टाग्राम उनकी बिकिनी फोटो से भरा पड़ा है और यही वजह है लोग उनके हुश्न और नशीली आंखों के दीवाने हैं। जानकारी के लिए बता दें क श्रद्धा दास को इंस्टाग्राम पर 24 लाख लोग फॉलो करते हैं। वह अक्सर अपने सोशल हैंडल से अपने काम और पर्सनल लाइफ की अपडेट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।

यूं तो श्रद्धा दास भले ही अभी फिल्मों से गायब हैं, पर सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी का अहसास अक्सर ही कराती रहती हैं। बता दें कि श्रद्धा दास ने तेलुगू, तमिल, बंगाली के अलावा हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

श्रद्धा दास ने अजय देवगन और इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म %दिल तो बच्चा है जी% में काम किया है। आखिरी बार एक्ट्रेस को विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित इंडियन इरोटिक थ्रिलर फिल्म %जिद% देखी गई थी। हालांकि इस फिल्म के जरिए वह बॉलीवुड की बोल्ड इमेज वाली एक्ट्रेसेस में शुमार हो गई। बता दें आने वालें दिनों श्रद्धा दास कई बंगाली और साउथ फिल्मों में देखी जाएंगी। बरहाल उससे पहले उनकी ये बोल्ड तस्वीरों पर लोग आकृर्षित हो रहे हैं।

## इस आलीशान होटल में शादी करेंगे मौनी रॉय-सूरज नांबियार, बस कुछ दिन हैं बाकी...

**अभिनेत्री मौनी रॉय और सूरज नांबियार की शादी में अब बहुत कम दिन बचे हैं। मौनी और सूरज नांबियार की शादी में सिर्फ सात दिन बाकी हैं। यह शादी सबका ध्यान खींच रही है।**



अभिनेत्री मौनी रॉय और सूरज नांबियार की शादी में अब बहुत कम दिन बचे हैं। मौनी और सूरज नांबियार की शादी में सिर्फ सात दिन बाकी हैं। यह शादी सबका ध्यान खींच रही है। गौरतलब है कि मौनी और सूरज की शादी गोवा में आलीशान डब्ल्यू होटल में होने जा रही है। सामंथा रु प्रभु और नागा चैतन्य की शादी भी इसी होटल में हुई थी। हालांकि अब दोनों ही अलग हो चुके हैं।

इस होटल में नागा और सामंथा की शादी 2017 में हुई थी। शादी से पहले मुंबई में संगीत की रिहर्सल शुरू हो गई है। इस शादी में आशका गोराडिया, मीत ब्रदर्स, डिजाइनर अनुराधा खुराना और कोरियोग्राफर राहुल और प्रतीक शामिल होंगे। यह भी कहा जा रहा है कि शादी के बाद मौनी रॉय और सूरज नांबियार कूचबिहार में भी रिसेप्शन होस्ट करेंगे। मौनी और सूरज पहली बार साल 2019 में न्यू ईयर पार्टी में मिले थे। यह पार्टी दुबई के एक नाइट क्लब में थी, जहां दोनों की मुलाकात हुई थी। बताया जाता है कि पहली मुलाकात के बाद मौनी रॉय को नांबियार परिवार ने तुरंत पसंद कर लिया था। सूरज की मां रेणुका नांबियार और पिता राजा नांबियार के साथ मौनी की अच्छी बॉन्डिंग बताई जाती है।

मौनी रॉय और सूरज नांबियार 27 जनवरी को शादी के बंधन में बंधेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी से पहले का फंक्शन 23 जनवरी से 27 जनवरी तक चलेगा। यह भी कहा जा रहा है कि शादी की तैयारी जोरों से चल रही है। दोनों की शादी में इंडस्ट्री से कई मेहमान शामिल होंगे। हालांकि, अभी गेस्ट लिस्ट की जानकारी सामने नहीं आई है।

## उर्फी जावेद ने बताया अपने ब्वॉयफ्रेंड का नाम



**बिग बॉस ओटीटी में अपना जलवा बिखेरने के बाद से ही लगातार चर्चा में बनी रहने वालीं उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। उर्फी जावेद अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करती हैं, जो वायरल हो जाते हैं।**

उर्फी जावेद अपने फैन्स से सोशल मीडिया के माध्यम से रूबरू भी होती रहती हैं और उनके सवालों के जवाब देती हैं। ऐसे में हाल ही में उर्फी ने अपने फैन्स के कुछ सवालों के जवाब दिए, लेकिन इस बीच एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा कि वो एक्ट्रेस के खिलाफ शिकायत करना चाहते हैं। जिसे सुनकर उर्फी भी एक पल को हैरान रह गई। उर्फी के ये सवाल- जवाब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

### उर्फी ने दिए सवालों के जवाब

दरअसल हाल ही में उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम पर सवाल- जवाब का एक सेशन रखा। इस दौरान उर्फी ने फैन्स के कुछ सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक फैन ने कहा- %मैं आपके खिलाफ बहुत क्यूट और प्यारी होने की वजह से शिकायत दर्ज करवाना चाहता हूं।% इस पर उर्फी ने जवाब दिया- %कुछ सेकेंड्स के लिए मैं डर गई थी, अब समझ गया।%

### मन करता है उठा ले जाऊं...

एक दूसरे फैन ने लिखा, %आप इतनी प्यारी हो कि मन करता है उठा ले जाऊं।% इस पर उर्फी ने लिखा, %अरे कोई गिरा हुआ सिक्का हूं, जो उठा कर ले जाओगे। वैसे थैंक्यू।% वहीं एक और यूजर ने लिखा- %ब्वॉयफ्रेंड कौन है आपका?%, इसके जवाब में उर्फी ने लिखा, %क्रिस इवांस, अगर कोई जानता है उन्हें तो कह देना, गर्लफ्रेंड को कॉल कर ले।% हालांकि उर्फी ने ये बात मजाक में कही। याद दिला दें कि क्रिस इवांस को अधिकतर फैन्स %कैप्टन अमेरिका% के नाम से जानते हैं।

यहां घर बेच पलायन को मजबूर हिंदू परिवार, इस समुदाय पर लगा गंभीर आरोप

हॉटनेस से भरा है उर्फी का इंस्टा

उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उर्फी के इंस्टाग्राम पर 2.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं, जबकि वो खुद 324 लोगों को फॉलो करती हैं। उर्फी इंस्टा पर अभी तक 2006 पोस्ट कर चुकी हैं। उर्फी सोशल मीडिया पर अक्सर अपने बोल्ड फोटोज शेयर करती हैं, जिन्हें फैन्स खूब पसंद करते हैं। वहीं उर्फी का देसी अंदाज भी फैन्स को खूब भाता है।

कौन हैं उर्फी जावेद

लखनऊ की रहने वालीं उर्फी जावेद ने साल 2016 में सोनी टीवी के शो %बड़े भैया की दुल?हनिया% में अवनि पंत के किरदार से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। वहीं इसके बाद साल 2016-17 में उर्फी ने स्टार प्लस के शो चंद्र नंदनी में छाया का किरदार निभाया। वहीं मेरी दुर्गा में आरती के किरदार से भी उर्फी ने दर्शकों का दिल जीता। उर्फी की लिस्ट में %सात फेरों की हेरा फेरी%, %बेपनाह%, %जीजी मां%, %डायन%, %ये रिश्ता क्या कहलाता है% और %कसौटी जिंदगी% की शुमार है।

## भारती सिंह ने की मिथुन चक्रवर्ती के साथ मस्ती

## गालों को छूने पर आई ऐसी आवाज, अभिनेता भी नहीं रोक पाए अपनी हंसी

**कॉमेडियन भारती सिंह ऑनस्क्रीन ही नहीं ऑफस्क्रीन भी अपने क्यूट अंदाज और मस्ती से हमेशा सभी का दिल जीत लेती हैं। भारती सिंह एक ओर जहां शोज में कॉमेडी का तड़का लगाती हैं तो वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं।**

भारती अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने फोटोज वीडियोज शेयर करती हैं, जिन्हें फैन्स काफी पसंद करते हैं। इस बीच भारती सिंह ने एक वीडियो शेयर किया है, जिस में वो बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के साथ मस्ती करती दिख रही हैं। भारती और मिथुन चक्रवर्ती का इस वीडियो को फैन्स खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट सेक्शन में दोनों पर अपना प्यार लुटा रहे हैं।

### भारती ने शेयर किया मजेदार वीडियो

दरअसल इन दिनों एक ओर जहां भारती सिंह, कलर्स के टीवी शो हुनरबाज को होस्ट कर रही हैं तो वहीं दूसरी ओर उस शो में बतौर जज मिथुन चक्रवर्ती अपना हुनर दिखा रहे हैं। शूटिंग के दौरान का एक वीडियो भारती सिंह ने शेयर किया है। वीडियो में भारती, मिथुन के गालों को छूती नजर आती हैं, जिस पर %चूं चूं% आवाज आती है, इस आवाज को सुन मिथुन भी हंस पड़ते हैं।

### फैन्स लुटा रहे भारती पर प्यार

भारती के इस वीडियो को फैन्स के साथ ही सेलेब्स भी पसंद कर रहे हैं। कई सेलेब्स और फैन्स ने वीडियो पर कमेंट किया है। एक फैन ने लिखा- भारती, आई लव यू, आप हमेशा सभी को हंसा देती हैं, जो आज के वक्त में सबसे मुश्किल काम है।% वहीं एक फैन ने लिखा- भारती कमाल हो तुम, हमेशा दिल जीत लेती हो।% वहीं कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने मिथुन दादा के लिए भी कमेंट किए हैं।



### हर्ष का मजाकिया अंदाज

याद दिला दें कि इससे पहले शो का एक प्रोमो भी चर्चा में आया था। प्रोमो वीडियो में सबसे पहले हर्ष स्टेज पर आते हैं और सभी से कहते हैं, %हर रियलिटी शो में मुझ पर ताने मारे गए। कब हो रहा है ? शादी को 4 साल हो गए हैं।% हर्ष, मिथुन से कहते हैं, %दादा आपने भी एक एपिसोड में मुझे ताने मारे थे। तो बात मेरे को चुभी और मुझे गुस्सा आया।% तभी भारती स्टेज पर आती हैं और कहती हैं, %दादा इसने अपना हुनर दिखा दिया।%

### करण करेंगे भारती के बच्चे को लॉन्च

भारती और हर्ष दोनों मिथुन के पास आते हैं। मिथुन, भारती से कहते हैं, %एक दिल की बात बोलूं, तू बुरा तो नहीं मानेगी, जब इसकी शक्ल देखी थी ना, मुझे नहीं लगा था ये कर पाएगा।% फिर हर्ष, करण जौहर से कहते हैं, %सर आगे जब आएंगे तो एक कॉन्ट्रैक्ट लेकर आइएगा क्योंकि बच्चे को तो आप ही लॉन्च करेंगे।% जाते-जाते भारती, मिथुन से कहती हैं, %दादा आप अब कभी किसी को मत कहना अपना हुनर दिखाओ।%

## करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश के रिश्ते पर एक्टर के पैरेंट्स ने किया रिएक्ट

बिग बॉस 15 कटेस्टेट करण कुंद्रा के माता-पिता ने अपने बेटे की गर्लफ्रेंड यानि कंटेस्टेंट तेजस्वी प्रकाश को लेकर मीडिया के सामने अपनी फीलिंग साझा किया है। एक इंटरव्यू के दौरान करण की मां सुनीता कुंद्रा और पिता एसपी कुंद्रा ने कहा कि वो लोग तेजस्वी से मिलना चाहते हैं और आमने-सामने एक दूसरे की फीलिंग्स जानना चाहेंगे। करण कुंद्रा के माता-पिता उन दोनों के बाहर आने और उनसे मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

गौरतलब है कि बिग बॉस के लवर बर्ड करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश अपनी खास बॉन्डिंग और लव स्टोरी को लेकर लाइमलाइट में हैं। बिग बॉस के घर से लेकर बाहर की दुनिया में ये कपल दर्शकों के बीच एक अलग इमेज बना रहा है। शो के दर्शक इन दोनों काफी पसंद करते हैं इसलिए दोनों हर रोज किसी न किसी वजह से खबरों में छाए रहते है। सोशल मीडिया पर कभी इनके लड़ाई झगड़े वायरल होते रहते हैं तो कभी इनके प्यार भरी बातों के चर्चे होते हैं। ईटाइम्स से बात करते हुए, करण के पिता एसपी कुंद्रा ने कहा, ÷अपने अभी तक जो शो में देखा और सुना, उसी पर भरोसा किया है। करण और तेजस्वी को बाहर आना है और पहले



हमें एक दूसरे से मिलना है। जब हम मिलेंगे, देखेंगे और बात करेंगे, तभी किसी बात पर निर्णय होगा क्योंकि अभी कई फैसले लेने बाकी हैं। कुछ चीजें हैं जिनमें सुधार की जरूरत है। हम चाहते हैं कि दोनों हमेशा साथ रहे, लेकिन उससे पहले कुछ चीजें हैं जिन्हें उन्हें सुलझाना होगा। हम उस समय का इंतजार कर रहे हैं जब वे बाहर आएंगे और उनके साथ अपने विचार साझा करना चाहते हैं। आखिर यह मेरे बेटे की जिंदगी और उसकी खुशी है। यह हमारे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। करण की मां ने यह भी खुलासा किया कि जब वीकेंड का वार के एक एपिसोड के दौरान सलमान खान ने उनके बेटे को फटारा तो उन्हें नींद नहीं आई। उसने कहा कि यह उसके लिए चौंकाने वाला था जब उसने सुना कि करण को ÷टॉक्सिक बॉयफ्रेंड÷ कहा जाता है। इसके अलावा उसने कहा कि उसे करण पर बहुत गर्व है क्योंकि उसने खेल को सम्मानजनक तरीके से खेला है।

## ब्लैक शिमरी शॉर्ट ड्रेस में हुमा कुरैशी ने बढ़ाई फैन्स के दिलों की धड़कन

**हुमा कुरैशी ने एक शॉर्ट ब्लैक ड्रेस मेंअपनी कुछ लेटेस्ट फोटोज़ शेयर कर फैन्स के दिलों की धड़कनों को बढ़ा दिया। फैन्स हुमा के इस लुक को काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर उनकी तारीफ करते दिखाई दे रहे हैं।**

हुमा ने फैशन डिजाइनर हाउस निर्मोह के लिए म्यूज का रोल प्ले किया और मिडवीक के लिए शॉर्ट ब्लैक ड्रेस को चुना।

एम्ब्रस ज्वेल्स के सिल्वर नेक पीस और क्रिश्चियन लुबोटिन के क्लासिक ब्लैक स्टिलेटोज़ के साथ हुमा ने अपने पार्टी लुक को कम्प्लीट किया। ब्लैक शिमरी शॉर्ट ड्रेस में हुमा कुरैशी ने बढ़ाई फैन्स के दिलों की धड़कन, देखें किलर लुक

फैशन स्टाइलिस्ट हाउस हू वोर व्हाट व्हेन द्वारा स्टाइल की गई, हुमा ने अपने स्ट्रेट हेयर्स को खुला छोड़ा और स्मोकी मेकअप से फैन्स के दिलों का चैन चुरा लिया।

मेकअप आर्टिस्ट महिमा वाछेर ने हुमा को न्यूड आईशैडो, ब्लैक आईलाइनर, मस्कारा से लदी पलकें, कंटूरेड गाल और सॉफ्ट पिंक लिपस्टिक के शेड के साथ जमकर धमाल मचाया।



## तारक मेहता पर करेले का भूत या कर रहे थे ढोंग?

**नीला फिल्म प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत तारक मेहता का उल्टा चश्मा के आने वाले एपिसोड में तारक मेहता का राज गोकुलधामवासियों के सामने आने वाला है। तारक मेहता करेले से डर रहे थे या यह सब ढोंग कर रहे थे? अंजलि को बहुत बुरा लगता है, जब उसे तारक मेहता की इस योजना के बारे में पता चलता है और वह गोकुलधाम सोसाइटी में एक पल भी नहीं रुकने का निर्णय लेती है। अन्य गोकुलधामवासी भी तारक मेहता की सच्चाई जानकर हैरान हो जाते हैं।**



पिछले कुछ दिनों से सभी गोकुलधामवासी, तारक मेहता और उनके करेले के प्रति अजीबोगरीब व्यवहार को लेकर चिंतित थे। सभी रहिवासी अपनी ओर से इसका हल ढूंढने की कोशिश कर रहे थे। डॉ हाथी भी तारक मेहता के बर्ताव का कारण समझने की कोशिश कर रहे थे, पर उनके हाथ भी कुछ नहीं आ रहा था। फिर गोकुलधामवासी उनके पहचान के एक बाबा को सोसाइटी में बुलाने का निर्णय लेते हैं। उन्होंने सुना था कि वह बड़ी आसानी से भूत भगाते हैं।

इसके लिए तारक मेहता को एक कुर्सी पर बिठाकर उनके चेहरे पर लाल मिर्च पाउडर छि?कना, और इस तरह के कई अनोखे तरीके तारक मेहता पर आजमाने होंगे। यह पता चलते ही सिर्फ तारक मेहता ही नहीं बल्कि वहां मौजूद सभी गोकुलधामवासी भी डर जाते हैं। यह अनुभव तारक मेहता के लिए भी बहुत दर्दनाक साबित होता और इससे बचने का सिर्फ एक ही रास्ता देख ताकर मेहता आखिरकार गोकुलधामवासियों को सच बता देते हैं। पर क्या है वह कारण जिससे तारक मेहता को इतना ब?ा नाटक रचना प?ा? क्या सच जानकर उन्हें अंजलि और अन्य गोकुलधामवासी मा? कर पाएंगे? जानने के लिए देखते रहिये नीला फिल्म प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत %तारक मेहता का उल्टा चश्मा%, सोमवार से शनिवार रात 8~30 बजे सिर्फ सब टीवी पर। आपको बता दें कि %तारक मेहता का उल्टा चश्मा% शो के सर्जक और निर्माता असित कुमार मोदी है। यह भारतीय टेलीविजन शो पहली बार 28 जुलाई, 2008 को प्रसारित किया गया था और शो के 3300 से अधिक एपिसोड पूरे हुए हैं।

# किडनी प्रत्यारोपण अब जबलपुर में आसान

**विश्व में किडनी की बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या भारत देश में अत्यधिक है, जो 2020 की गणना में भी साबित हो चुका है। ऐसी स्थिति में लोगो के समक्ष अंतिम उपाय किडनी प्रत्यारोपण ही बचता है, लेकिन यह सुविधा हर जगह उपलब्ध नहीं है, खासतौर से जबलपुर वासियों को इसके लिए एक लंबी दूरी और संघर्ष करते हुए, महानगरों मेंअपना इलाज करवाना पड़ता था। लेकिन जबलपुर ने भी यह उपलब्धि उस समय हासिल कर ली जब दमोहनाका स्थित बडेरिया मेट्रो प्राईम हॉस्पिटल ने दूरबीन पद्वति से शहर का पहला किडनी ट्रांसप्लांट कर दिया। यहां के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ विशाल बडेरा और यूरोलॉजिस्ट डॉ राजेश पटेल द्वारा किये गये इस सफल प्रत्यारोपण ने जबलपुरवासियों की समस्या को दूर किया है।**

यश भारत के लोकप्रिय कार्यक्रम प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में आज हम इसी विषय को लेकर सफल प्रत्यारोपण करने वाले चिकित्सों के साथ चर्चा करने जा रहे है।

यश भारत PRIME TIME WITH ASHISH SHUKLA

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

शाम 5 बजे प्रसारण




दूरबीन पद्वति से बड़ेरिया मेट्रो प्राईम में जबलपुर का पहला किडनी प्रत्यारोपण करने वाले चिकित्सकद्वय डॉ विशाल बढेरा और डॉ राजेश पटेल से चर्चा

### मधुमेह के .ज्यादा मरीज

डॉक्टर वडेरा कहते हैं कि किडनी डिसीज् में सबसे ज्यादा डायबिटीज के मरीजों की संख्या ज्यादा देखने को मिलती है। क्योंकि हमें मालूम नहीं रहता कि हमारी किडनी खराब हो रही है और जब यह जानकारी हमें लगती है तब तक 70 से 80त्न किडनी खराब हो जाती है।

### तुरंत पहुंचे चिकित्सक के पास

डॉक्टर वडेरा कहते हैं कि प्रिवेंशन ही क्योंर है। किडनी की बीमारी से बचने का सबसेआसान उपाय तुरंत चिकित्सक के पास पहुंचना होता है, जिसमें नेफ्रोलॉजिस्ट यह पता चलता है कि ,किडनी की स्थिति क्या है और डॉक्टर आपके किडनी को बचाने में भरपूर मदद करेगा।

### ब्लड प्रेशर वाले रहे सावधान

डॉक्टरद्वय कहते हैं कि युवाओं में हाईबीपी के कारण किडनी फेलियर की समस्या ज्यादा है । वे कहते हैं कि जब ऐसा युवा हमारे पास पहुंचता हैं तब तक, उनकी 70 से 80 प्रतिशत तक किडनी खराब हो जाती है। इसके लिए बेहतर है की हाई बीपी वाले नियमित रूप से नेफ्रोलॉजिस्ट के पास जाकर अपनी किडनी की जांच करवाएं। साल में एक बार क्रिएटाविन का टेस्ट जरूर करवाएं, किससे किडनी की वर्तमान स्थिति पता चलेगी

### स्कूल स्तर पर शुरू हो जांच

चिकित्सक कहते हैं कि वर्तमान में अनियमित दिनचर्या व खानपान के चलते युवाओं यहां तक कि बच्चों में भी समस्या देखी जा रही है। इसको रोकने के लिए बेहतर है कि स्कूल स्तर पर ही बच्चों की कम से कम साल में एक बार जांच जरूर होनी चाहिए।

### केवल दो ही विकल्प

डॉ बढेरा और डॉ पटेल का कहना है कि किडनी खराब होने की स्थिति में केवल दो ही विकल्प सामने रह जाते हैं, एक या तो डायलिसिस कराना, जिसमें शरीर की गंदगी मशीन के माध्यम से बाहर निकाली जाती है। लेकिन आप मशीन पर निर्भर नहीं रहना चाहते तो आपको किडनी प्रत्यारोपण करवाना पड़ेगा,प्रत्यारोपण के बाद मशीन पर आपका जीवन निर्भर नहीं रहेगा और आप सामान्य जीवन जी सकते है।

### डोनर की होती है पूरी जांच

जब चिकित्सद्वय से पूछा गया कि प्रत्यारोपित किए जाने वाली किडनी की उम्र क्या होगी तो, उनका कहना था कि किडनी प्रत्यारोपण के पहले पूरी तरह जांच की जाती है, जिसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि किसी भी प्रकार की प्रतयारोपण के पश्चात समस्या ना हो और संबंधित व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ हो,किडनी देने के पूर्व पूरे मापदण्डों का पालन किया जाता है ताकि प्रत्यारोपण सफल हो और मरीज सामान्य जीवन जी सके।

### पूरे मापदंडो का पालन कर होता है प्रत्यारोपण

डॉ पटेल बताते है कि डिडनी देने के पूर्व यह ध्यान रखा जाता है कि दानदाता का रक्त संबंध हो, वही सभी तरह के टेस्ट किये जाते है और देखा जाता है कि डोनर को ब्लड प्रेशर या डायबिटिज न हो, साथ ही कई प्रकार की जांच होने के बाद जब यह सुनिश्चित हो जाता है कि प्रत्यारोपण पूरी तरह से सफल होगा तभी किडनी ट्रांसप्लांट किया जाता है।

### जबलपुरवासियों के लिये उपलब्धि

डॉ पटेल कहते है कि किडनी ट्रांसप्लांट के लिये पहले जबलपुरवासियों को दूसरे महानगरों पर निर्भर होना पडता था लेकिन बडेरिया मेट्रो प्राईम में दूरबीन से की गई दूरबीन पद्वति से की गई सफल किडनी प्रत्यारोपण एक बहुत बडी है।

### अंगदान जरूर करें

डॉ बढेरा और डॉ पटेल की लोगों से अपील है कि चूंकि विश्व में किडनी के मरीजों की संख्या भारत में ज्यादा है लेकिन डोनरों की संख्या अत्यंत कम है जितने मरीज है उससे अस्सी प्रतिशत कम डोनर है इस समस्या के हल के लिये वे मानते है कि अंगदान में जितना ज्यादा लोग आगे बढकर भाग लेगें उतने ही मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

# खाकी खाकी से ही मांग रही थी न्याय

**विभाग की छवि धूमिल होने से आला अधिकारी नाराज ,कार्रवाई के संकेत**

**जबलपुर।** कोतवाली थाने में कल रात जो कुछ हुआ उसको देखकर थाने में मौजूद पुलिस बल भी चेहरा छुपाए थाने के बाहर घूम रहा था। दरअसल एक थाना प्रभारी जो पूर्व में भी बलात्कार के मामले में आरोपी रह चुके हैं जहां वे बरी भी हो चुके थे ,कल फिर उनका नया प्रकरण सामने आया है। यहां पर एक महिला आरक्षक ततमतमाई और उद्वेलित होकर थाना प्रभारी के घर पहुंची, वहां उसने अपना रौद्र रूप दिखाया। हालात इस हद तक जा पहुंचे कि, थाना प्रभारी की पत्नी को पुलिस तक खबर पहुंचाना पड़ी। इसके बाद का घटनाक्रम और चौंकाने वाला हो गया। कोतवाली थाना प्रभारी को जब पता चला कि महिला जान देने जा रही है। आनन-फानन में समझाबुझा कर उस महिला आरक्षक को कोतवाली थाने लाया गया। यहां पर थाना प्रभारी के सामने उनका विभाग ही इस मामले में आरोप-प्रत्यारोप की चक्की में पिसता नजर आ रहा था। पूरी रात महिला डीएसपी, महिला थाना प्रभारी और दो अन्य महिला थाना प्रभारी काफी देर तक उस महिला आरक्षक को समझाईश देते रहे। चर्चित थाना प्रभारी जिन पर आशिकी का आरोप था ,वह भी महिला आरक्षक को मनाने में लगे रहे। यह घटनाक्रम सुबह 6 बजे तक चलता रहा। महिला आरक्षक के माता-पिता भी थाने आग चुके थे, वह भी काफी उद्वेलित थे,क्या हुआ, कैसे हुआ, यह तो पूरी बात सामने नहीं आ पाई लेकिन जो जानकारी हाथ आई है उसके अनुसार महिला आरक्षक थाना प्रभारी से शादी करने के लिए दबाव बना रही थी। शादीशुदा थाना प्रभारी समझ में नहीं पा रहे थे कि, आखिरी खुद के बिछाए जाल से कैसे बाहर निकल पाएं। वरिष्ठ अधिकारी भी परेशान थे ,क्योंकि महिला आरक्षक सिर्फ शादी पर ही आमादा थी। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि महिला आरक्षक ने यह लिख कर दिया है कि, वह संबंधित थाना प्रभारी से काफी गहरी जान पहचान रखती है, लेकिन अब मैं कार्रवाई नहीं चाहती हूं। इस तरह इस मामले का पटाक्षेप तो नहीं हुआ, लेकिन इसे शांत कहा जा सकता है। वही संभाग के प्रमुख पुलिस अधिकारी ने जिस जिले में थाना प्रभारी पदस्थ हैं ,वहां के एसपी को पूरे मामले की छानबीन कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। भोपाल तक यह बात जा पहुंची इसके बाद हम माना जा रहा है कि थाना प्रभारी के खिलाफकार्रवाई होनी तय है , अब देखना यह है आखिर आगे होता है क्या।

# नए साल की पार्टी न देना महंगा पड़ा

# अधारताल में ढाबा संचालक की चाकू से गोदकर जघन्य हत्या


इनसेट में मृतक का जीवित अवस्था का चित्र, शोकाकुल परिजन

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल सोनी पेट्रोल के पास बुधवार की रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक ढाबा संचालक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक ने क्षेत्र के बदमाश चूहा और उसके दोस्त को नए साल की पार्टी देने से मना कर दिया था इसके बाद विवाद बढ़ा और चूहा और उसके साथियों ने युवक पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी लगते ही अधारताल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चाकू से लहूलुहान पड़े युवक को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अधारताल पुलिस को अजय तिवारी 40 साल राय भवन के महाराजपुर अधारताल निवासी ने बताया कि वह रेत गिटटी का काम करता है । घटना समय को अपने दोस्त दिलीप सिंह के साथ सोनी पेट्रोल पम्प में पेट्रोल डीजल का पैसा जमा करके अपने अपने घर जा रहे थे जैसे ही पटेल नगर चैराहे पर पहुॅचे वहा पर आरोपी विवेक पांडे उर्फ चूहा खड़े मिले जो आवेदक को अपने पास बुलाये तो आवेदकगण उनके पास गये तो वे नये साल की पार्टी लेने के लिए बोले तो आवेदक बोला कि पार्टी दे देगें इतने में विवेक पाण्डेय उर्फ चूहा गाली देने लगा ।गाली देने से मना किया तो विवेक ने दाये गाल पर थप्पड़ मारा एवं जाने से मारने की धमकी दी जब दिलीप सिंह ने बीच बचाव किया तो पुराने विवाद को लेकर आरोपी चूहा और उसके साथियों ने दिलीप सिंह को हाथ घुसे से मारपीट करते हुए चारो ने चाकू निकाल कर जान से मारने की नियत से दिलीप सिंह को चाकू से 6-7 चाकू मारे दिलीप सिंह को कमर के उपर पेट में बायी तरफ , सीने के पास बाई तरफ पीठ में बायी तरफ , बाये पुटठे के नीचे गंभरी चोटो आयी काफी खून निकलने लगा , इसी बीच इनके दो तीन साथी आये इन्हाने भी हाथ घुसे से दिलीप सिंह को मारपीट किये । घटना के बाद चारों आरोपी वहा से भाग गये । पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है ।

### 5 साल पुराने विवाद पर हत्या

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक दिलीप सिंह ढाबा संचालक 5 साल पूर्व उसका विवाद राजेश यादव के साथ हुआ था। इस दौरान दिलीप सिंह को राजेश के साथ मारपीट करने पर जेल भी जाना पड़ा था। राजेश और चूहा दोस्त है और इसी के चलते राजेश ने पुराने विवाद पर दिलीप सिंह को गाली गलौज की और शातिर बदमाश चूहा की मदद से चाकू से हमला कर दिलीप को मौत के घाट उतार दिया।
**फोटो- बबलू**

## सरकारी स्कूल के शिक्षक की दंबगई

# आदिवासी महिला से कहा- खाली कर दो मकान नहीं तो फिकवा दूंगा सामान

**जबलपुर, यशभारत।** सरकारी स्कूल के एक शिक्षक की दबंगाई से आदिवासी विधवा महिला दर-दर भटक रही है। पीड़ित महिला के मकान पर शिक्षक जबरन कब्जा करना चाहता है इसके लिए शिक्षक कई बार उसे धमका चुका है। आए दिन की धमकियों से परेशान पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा से न्याय की गुहार लगाई है।एसपी को शिकायत करते हुए ग्राम बिलहरी हिनौतिया निवासी 50 वर्षीय जानकी बाई ने बताया कि 50 सालों से वह गांव में निवास कर रही है। परंतु शासकीय हाईस्कूल बिलहरी बरेला में पदस्थ शिक्षक द्वारा घर खाली कराने का दवाब बनाया जा रहा है, दबंग शिक्षक का कहना है कि वह जमीन सरकारी है इसलिए उसे खाली करनी होगी। शिक्षक की धमकी दे रहा है कि अगर वह घर खाली नहीं करेगी तो उसका सामान बाहर रोड में फिकवा दिया जाएगा। पीड़िता महिला ने एसपी को बताया कि इतने साल से वह गांव में रह रही है फिर कैसे मकान खाली करके चली जाए।



### पति की मौत के बाद नहीं है कोई सहारा

आदिवासी महिला जानकी बाई ने एसपी को शिकायत करते हुए बताया कि पति की मौत के बाद वह अकेली रह रही है उसके आगे-पीछे कोई नहीं है इस स्थिति में मकान खाली करके कहां चली जाए। दबंग शिक्षक आए दिन अपने साथियों के साथ घर पहुंचकर धमकाता है। जाति सूचक गालियां देता है, पूरे मोहल्ले के सामने बेज्जति करता है। पीड़िता ने एसपी से मांग की है कि दबंग शिक्षक पर कार्रवाई की जाए।


झुकी बोगियां , बदहवास यात्री

# बड़े हादसे का शिकार होते-होते बची शक्तिपुंज एक्सप्रेस

**रेल लाइन से टकराकर झुक गई चार बोगी**

**जबलपुर यश भारत ।** सिंगरौली - हावड़ा से सिंगरौली होकर जबलपुर जाने वाली शक्तिपुंज एक्सप्रेस 11448 बड़ी दुर्घटना का शिकार होते होते बाल-बाल बच गई 7 गनीमत यह रही कि वह पटरी से उतर कर वहीं खड़ी हो गई यह दुर्घटना किन कारणों से हुई मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। जानकारी अनुसार शक्तिपुंज एक्सप्रेस आज एक बड़े हादसे का शिकार होते-होते बाल-बाल बच गई प्रत्यक्षदर्शियों माने तो रेल लाइन का काम चल रहा था शक्तिपुंज एक्सप्रेस का इंजन उसी लाइन से टकरा गया जिसके कारण इंजन उसी लाइन से टकरा गया जिसके कारण इंजन से लेकर करीब 4 बोगी झुक गई है, हावड़ा से जबलपुर जा रही ट्रेन विजयसोता में फिलहाल खड़ी है।

**- यात्रियों में मची भगदड़**

हादसे के दौरान जैसे ही इंजन से लेकर ट्रेन की चार बोगी पटरी से उतरकर झुक गई पूरी ट्रेन का संतुलन बिगड़ गया जिसके कारण यात्रियों में चीख-पुकार मच गई हावड़ा से जबलपुर जा रही ट्रेन मैं फिलहाल दुरुस्ती का कार्य किया जा रहा है वहीं इस घटना के बाद रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया मौके पर उच्च अधिकारी पहुंच रहे हैं यह मामले की बारीकी से छानबीन करेंगे।

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडॉंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहॉं दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज ( रूट कैनाल ट्रीटमेंट ), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार ( डेंटल ब्लीचिंग )।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई ( स्केलिंग ) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉत लगवाना ( सिरामिक एवं मेटल )।, टेढ़े दातों का इलाज ( आर्थोडेन्टिक ट्रीटमेंट )।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली ( डेन्चर )।, बच्चों के दांतों का इलाज ( पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट )।, डेंटल इम्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना ( डेंटल एक्सट्रैक्शन )।

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी ( वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ )
डॉ हर्ष सक्सेना ( वरिष्ठ न्यूरो सर्जन )
डॉ तरून नागपाल ( वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट )
डॉ विशाल वडेरा ( वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ )
डॉ एम. चंसौरिया ( वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ )
डॉ प्रशांत कुशवाहा ( वरिष्ठ न्यूरो सर्जन )
डॉ पुनीत भल्ला ( एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट )
डॉ अखिलेश पटेल ( छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी )
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S ( वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ )
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग-पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से 70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
डीसेन्ट फुटवेयर
मैरिज स्पेशल शूज
Exclusive Party Shoes
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
करमचंद चौक, जबलपुर
मो.: 9425159114, 8982481114

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट
नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )